卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 196 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार♦ 26 अप्रैल 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


## सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम को दी क्लीन चिट

### वीवीपीएटी पर्चियों से 100 फीसदी सत्यापन की मांग एवं बैलेट पेपर से मतदान की मांग वाली याचिकाएं खारिज

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के वोटों की वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) पर्चियों से 100 फीसदी सत्यापन की मांग वाली सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं। इसके साथ ही कोर्ट ने बैलेट पेपर से मतदान कराने वाली याचिकाओं को भी खारिज कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले से ईवीएम के जरिए डाले गए वोट की वीवीपैट की पर्चियों से शत-प्रतिशत मिलान की मांग को झटका लगा है। ये फैसला जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने सहमति से दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसले में साफ कर दिया है कि मतदान ईवीएम मशीन से ही होगा। ईवीएम-वीवीपैट का 100 फीसदी मिलान नहीं किया जाएगा। 45 दिनों तक वीवीपैट की पर्ची सुरक्षित रहेगी। ये पर्चियां उम्मीदवारों के हस्ताक्षर के साथ सुरक्षित रहेगी। कोर्ट का निर्देश है कि चुनाव के बाद सिंबल लोडिंग यूनिटों को भी सीलकर सुरक्षित किया जाए। यह भी निर्देश दिया गया है कि उम्मीदवारों के पास नतीजों की घोषणा के बाद टेक्निकल टीम द्वारा ईवीएम के माइक्रो कंट्रोलर प्रोग्राम की जांच (शेष पृष्ठ सात पर)



## दूसरे चरण में 88 सीटों के लिए हुई वोटिंग

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। देश के 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को दूसरे चरण का मतदान हुआ। इसके साथ-साथ बाहरी मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के बचे हुए इलाकों में भी मतदान किया गया। इस चरण में 13 राज्यों की 88 लोकसभा सीटों पर 1200 से ज्यादा प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। आज दूसरे चरण में ही केरल की सभी 20 लोकसभा सीटों पर वोटिंग है। आज, केरल में सभी 20 सीटों, कर्नाटक में 14, राजस्थान में 13, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में 8-8, मध्य प्रदेश में 6, असम और बिहार में 5-5, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ में 3-3, त्रिपुरा की 1, और जम्मू-कश्मीर की दोनों लोकसभा सीटों पर मतदान किया गया। 18वीं लोकसभा चुनाव में दूसरे फेज के मतदान के लिए सुरक्षा और अन्य इंतजाम चाक-चौबंद थे। कुल 16 करोड़ मतदाताओं के लिए 1 लाख 67 हजार मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इससे पूर्व 19 अप्रैल को पहले चरण में 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी. सातवें और अंतिम चरण में 1 जून को वोटिंग होनी है। लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को मतगणना के बाद आएंगे। दूसरे चरण के मतदान में कई दिग्गजों की राजनीतिक किस्मत दांव पर है। इनमें राहुल गांधी (कांग्रेस)- वायनाड, शशि थरूर (कांग्रेस) - तिरुवनंतपुरम, एचडी कुमारस्वामी (जेडीएस)- मांड्या, हेमा मालिनी (बीजेपी)- मथुरा,अरुण गोविल (बीजेपी)-मेरठ, (शेष पृष्ठ सात पर)



## हल्द्वानी में ईडी ने की छापेमारी

### अमेरिका में सजा काट रहे बनमीत नरूला के तिकोनिया स्थित आवास पर 12 गाड़ियों के साथ पहुंची टीम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अमेरिका में प्रतिबंधित दवाइयां बेचने और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सजा काट रहे बनमीत नरूला के तिकोनिया स्थित आवास पर ईडी की टीम ने शुक्रवार को छापेमार कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार देहरादून पुलिस के साथ ईडी की टीम की 12 गाड़ियों के साथ सुबह करीब साढ़े पांच बजे तिकोनिया स्थित बनमीत नरूला के निवास पर पहुंची। ईडी की छापेमारी से मोहल्ले में हड़कंप मच गया। छापेमारी के वक्त बनमीत नरूला के घर में उनके पिता सुरजीत नरूला और परिवार के लोग मौजूद थे। छापेमारी के बाद से किसी भी बाहरी व्यक्ति को घर में नहीं घुसने दिया गया। बाहरी लोग काम करने आए तो उनको अंदर जाने नहीं दिया गया। गेट पर स्थानीय पुलिस का कड़ा पहरा लगा रहा। सुबह टीम जब यहां पहुंची तो अलमारी और तिजोरी का ताला खोलने के लिए चाबी बनाने वाले को बुलाया गया। इसके बाद ईडी की टीम ने अलमारी और तिजोरी के साथ घर में रखे तमाम दस्तावेज खंगाले। समाचार लिखने तक ईडी की टीम छानबीन में जुटी थी। बताया जा रहा है कि ईडी की टीम मामले से जुड़े अन्य स्थानों पर भी छापेमारी कर रही है। छापेमारी को लेकर बनमीत के पिता सुरजीत नरूला से बातचीत करने की कोशिश की गई (शेष पृष्ठ सात पर)





## नशे के इंजेक्शनों के साथ एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस ने नशे के इंजेक्शनों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक गश्त के दौरान जब पुलिस टीम इन्द्रा चौक से किच्छा रोड पर कूडे के ढेर के पास आने जाने वाले वाहनो को चैक कर रही थ्ज्ञी तभी एक व्यक्ति किच्छा की तरफ से रूद्रपुर की तरफ पैदल पैदल आता दिखाई दिया जिसके हाथ मे एक सफेद रंग का थैला था। पुलिस को देखकर वह घबरा गया और वापस किच्छा की तरफ तेजी से जाने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया। जब उसके पास बैग में तलाशी ली गयी तो उसमें नशे के 45 इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ में उसने अपना नाम जुनैद रजा पुत्र रशीद खान निवासी वार्ड नं 17 खेडा रूद्रपुर बताया। साथ ही बताया कि वह नशे का आदी है और काम धंधा नहीं मिलने के कारण नशे के इंजेक्शनों की तस्करी का काम करता है। पकड़े गये इंजेक्शनों को वह बहेड़ी की एक महिला से खरीदकर लाया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में उसका चालान करते हुए न्यायालय में पेश किया।

## फांसी पर झूली विवाहिता ने अस्पताल में तोड़ा दम

काशीपुर(उद संवाददाता)। फांसी लगाई विवाहिता की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस की मौजूदगी में डॉक्टरों के पैनल ले वीडियोग्राफी के बीच मृतका का पोस्टमार्टम किया। घटना को लेकर मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक बरहैनी बाजपुर निवासी दीप चंद्र सैनी ने वर्ष 2022 की 22 मई को अपनी 25 वर्षीय पुत्री मिथिलेश का विवाह महेशपुरा दोराहा बाजपुर निवासी रमेश के पुत्र शेखर के साथ धूमधाम से किया। दंपति के सोहबत से एक तीन माह का पुत्र तथा एक वर्ष की पुत्री है। मृतका के परिजनों का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ससुराल वाले दहेज को लेकर विवाहिता का बुरी तरह उत्पीड़न करते थे इसी से तंग आकर बीते 23 अप्रैल को विवाहिता ने रस्सी के सहारे पंखे में फांसी (शेष पृष्ठ सात पर)





## गेहूं खरीदने वाली फर्मों पर संयुक्त टीम ने मारे छापे

रामनगर(उद संवाददाता)। गेहूं खरीद शुरू होने के साथ ही काश्तकार फसल बेचने के लिए सीडस प्लांट एवं फ्लोर मिलों में जा रहे हैं। कृषि उत्पादन मंडी समिति के साथ ही इससे जुड़े अन्य विभागों की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को रामनगर में कुछ फर्मो पर अचानक छापामार कार्रवाई की। जिससे हड़कंप मच गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए रामनगर कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव सहील अहमद ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर तहसीलदार रामनगर की अध्यक्षता में गठित टीम ने रामनगर के श्री बालाजी फ्लोर मिल एवं एसके एग्री प्रोडक्ट पर छापामार कार्रवाई की। इन दोनों स्थानों पर टीम ने भौतिक सत्यापन भी किया। उन्होंने बताया कि सत्यापन के दौरान एसके एग्रो प्रोडक्ट्स के द्वारा अभिलेख में जो गेहूं के कट्टे दर्ज किए गए थे, मौके पर जांच के बाद यहां पर 538 कट्टे कम पाए गए। जबकि बालाजी फ्लोर मिल के यहां भी 250 कट्टे गेहूं कम पाये गए। उन्होंने बताया कि इस मामले में उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के साथ ही दोनों फर्म स्वामियों को नोटिस भेजने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा यदि नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया तो विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य मकसद है कि गेहूं की कालाबाजारी ना हो और ना ही टैक्स चोरी हो सके और काश्तकार को उसकी उपज का उचित मूल्य मिल सके।



## दबंगों ने युवक पर झोंका फायर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। घर से मेडिकल पर दवा लेने के लिए निकले युवक पर बाइक सवार युवकों ने रास्ते में फायर झोंक दिया। फायरिंग में युवक बाल बाल बचा। मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में शारदा कालोनी निवासी दीपक पुत्र धनी चन्द्र ने बताया कि विगत रात्रि वह करीब 10 बजे हरदेव मेडिकल से दवाई लेने पैदल पैदल जा रहा था। तभी दो बाईकों पर से 4 लड़के आये और उसे देखकर घूरने लगें (शेष पृष्ठ सात पर)

## मेडिकल स्टोर से दिनदहाड़े महिला ने उड़ाई नगदी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। दो बच्चों के साथ मेडिकल स्टोर पर आयी एक महिला ढाई हजार रूपये की नगदी लेकर फरार हो गयी। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। दुकान स्वामी ने मामले की तहरीर पुलिस को सौंपकर कार्यवाही की गुहार लगायी है। वहीं चोरी की एक अन्य घटना में अज्ञात चोरो ने एक कमरे में घुसकर मोबाइल और घड़ी समेत हजारों की नगदी उड़ा ली। पुलिस को दी गयी तहरीर में शिमला बहादुर निवासी अजय प्रताप पुत्र रामपाल ने बताया कि उसका शिमला बहादुर में न्यू हरदेव मेडिकल स्टोर के नाम से प्रतिष्ठान है। बुधवार की शाम साढ़े पांच बजे उसकी गैर मौजूदगी में एक महिला अपने दो बच्चों के साथ दुकान पर आयी और दुकान के अंदर घुसकर टेबल पर रखे पर्स से ढाई हजार रूपये की नगदी चोरी करके फरार हो गयी। चोरी की पूरी घटना सीसी टीवी कैमरे में कैद हुयी है। पुलिस ने मामले की (शेष पृष्ठ सात पर)




वायुरनिलममृतमथेदं भस्मान्तें शरीरम् । ओ३म् क्रतो स्मर क्लिबे स्मर कृतं स्मर।।



**शोक संदेश**

अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पति **श्री देशराज ग्रोवर जी** का स्वर्गवास दिनाँक 19.04.2024 को हो गया है। जिनकी आत्मा की शान्ति हेतु **पाठ एवं भोग दिनाँक 27 अप्रैल 2024 दिन शनिवार** दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक **पाँच मन्दिर, मेन मार्केट, रुद्रपुर** में होगी।

**-शोकाकुल परिवार-**

**श्रीमती उर्मिला ग्रोवर ( धर्मपत्नी )**
दीपक - गीता (पुत्र-पुत्रवधु)
पंकज-आशु (पुत्र-पुत्रवधु)
आलोक-सपना (पुत्र-पुत्रवधु)
राहुल-अनुराधा (पुत्र-पुत्रवधु)
रमेश-ज्योति (दामाद-पुत्री)
शेखर-किरन (दामाद-पुत्री)

जगदीश-पुष्पा (भाई-भाभी)
मंगल-रेशम (भाई-भाभी)
नरेश-ऊषा (भाई-भाभी)
समस्त ग्रोवर परिवार, मलिक परिवार, ईशपुजानी परिवार, गुलाटी परिवार छाबड़ा परिवार, सचदेवा परिवार, खेड़ा परिवार, अरोड़ा परिवार ।

**फर्म :** मै. भारत साइकिल वर्कस, मै. अंबिका फूड प्रोडक्ट्स

+91-9917541917, +91-9997716000, +91-9917175559, +91-9358193488

# भाजपाईयों में नहीं थम रही आपसी खींचतान

## अब विधायक प्रमोद नैनवाल का ऑडियो हुआ वायरल, मंत्री बनाने के लिए दिए हैं तीस लाख!



देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में लोकसभा की पांचों सीटों पर मतदान संपन्न होने के बाद अब भाजपा में कुछ विधायकों और नेताओं के बीच आपसी खींचातानी के मामले को लेकर घमासान शुरू हो गया है। अभी टिहरी में पार्टी विधायक किशोर उपाध्याय और पार्टी में शामिल हुए पूर्व मंत्री व विधायक दिनेश धनै के बीच का विवाद ठंडा भी नहीं पड़ा कि रानीखेत के विधायक प्रमोद नैनवाल और दायित्वधारी कैलाश पंत में ठन गई है। दोनों मामलों को लेकर भाजपा नेतृत्व असहज है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने विधायक-दायित्वधारी मामले का संज्ञान लेने की बात कही है। वहीं रानीखेत से भाजपा विधायक प्रमोद नैनवाल एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर उनका एक ऑडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस ऑडियो में वो मंत्री बनाए जाने को लेकर पैसे देने की बात एक नेता को कर रहे हैं। इस ऑडियो के वायरल होने के बाद से राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं के बाजार गर्म हैं। रानीखेत से भाजपा विधायक प्रमोद नैनवाल एक बार फिर से सुर्खियों में आगे प्रमोद नैनवाल का एक ऑडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वो मंत्री बनाए जाने को लेकर तीस लाख देने की बात एक नेता से कर रहे हैं। बता दें कि मामला विधायक के भाई और भांजे के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने को लेकर से जुड़ा है। जिसमें मुकदमा दर्ज करने वाले के साथ जो व्यक्ति मौजूद था उससे वो बात कर रहे हैं। बता दें कि हम ऑडियो की पुष्टि नहीं कर रहे हैं। लेकिन कांग्रेस इस ऑडियो को लेकर भाजपा पर सवाल खड़े कर रही है। तो वहीं भाजपा का कहना है कि कांग्रेस बेवजह ऑडियो को लेकर सवाल खड़े कर रही है। भाजपा का कहना है कि जहां तक वायरल ऑडियो की बात है तो पार्टी इसका संज्ञान लेगी। इसके साथ ही भाजपा का कहना है कि कोई कार्रवाई बनती होगी तो कार्रवाई भी करेगी। लेकिन आज के समय में तकनीकी का गलत इस्तेमाल करके भी ऑडियो वायरल किए जाते हैं। वहीं दूसरी तरफ टिहरी में विवाद ने तब तूल पकड़ा, जब पार्टी विधायक किशोर उपाध्याय का टीएचडीसी इंडिया के अधिशासी निदेशक को भेजा गया एक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस पत्र में उपाध्याय ने पूर्व मंत्री दिनेश धनै के बारे में लिखा कि उन्होंने एक बैठक में उन पर आरोप लगाया कि टीएचडीसी में उनके और उनके समर्थकों के ठेके चल रहे हैं। उन्होंने पत्र में आरोप से गहन पीड़ा होने का जिक्र किया। साथ ही ठेकेदारों के बारे में यह ब्योरा मांगा कि वे किसकी सिफारिश पर कार्य कर रहे हैं। उधर धनै ने कहा, उन्होंने पार्टी फोरम पर सुझाव रखा था। इस बीच पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल सोशल मीडिया पर वायरल हुए पत्र को अनुशासन से जोड़ा है। इससे विवाद खासा गरमा गया है। इस बीच सोशल मीडिया पर लैंसडौन विधायक दिलीप रावत की एक लाइन की पोस्ट राम तेरी गंगा मैली हो गई के भी सियासी निहितार्थ टटोले गए और इसे 2022 में कांग्रेस के टिकट पर उनके खिलाफ चुनाव लड़ी अनुकृति गुसाईं भाजपा में शामिल होने पर प्रतिक्रिया के तौर पर देखा गया। उनकी इस पोस्ट पर पूर्व सीएम हरीश रावत ने भी टिप्पणी करने से नहीं चूके थे। उन्होंने लिखा था कि महंत दलीप रावत की व्यथा ये है सभी असली भाजपाइयों की कथा। कुल मिलाकर भाजपा के भीतर नेताओं में खटपट थमने का नाम नहीं ले रही और इसे लेकर कांग्रेस भी तंज करने से नहीं चूक रही जबकि भाजपा नेताओं की गुटबाजी से प्रदेश आलाकमान भी असहज हो रहा है।

### बीजेपी पर हमलावर हुई कांग्रेस, शेयर किया ऑडियो

देहरादून। रानीखेत बीजेपी विधायक प्रमोद नैनवाल के भाई और उनके भांजे पर भतरौंजखान थाने में प्रधान से मारपीट का आरोप लगा है। इस मामले में क्रॉस एफआईआर दर्ज की गई है। इसी बीच विधायक प्रमोद नैनवाल का कथित ऑडियो भी वायरल हुआ है। जिसे कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वहीं इस ऑडियो के जरिये कांग्रेस बीजेपी पर हमलावर हो गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने आरोप लगाते हुए कहा इससे पहले भी बीजेपी विधायक के भाई का नाम उद्यान विभाग के घोटाले में सामने आया था। अब बीजेपी विधायक के भाई और भांजे के खिलाफ एक प्रधान के साथ मारपीट एवं गाली गलौज के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ। ठीक इसके बाद अब नया प्रकरण सामने आया है, जिसमें वो मंत्री बनाए जाने को लेकर पैसे देने की बात एक नेता से कर रहे हैं। करन माहरा का कहना है इस बात में कितनी सच्चाई है, यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा, लेकिन राजनीति किस दिशा की ओर जा रही है, यह उसको दिखाता है। उन्होंने इसे बीजेपी का अंदरूनी मामला बताया और कहा कि जनप्रतिनिधियों को अपनी गरिमा का ध्यान जरूर रखना चाहिए।

## कोरोना महामारी में अपनों के उपचार के लिए बिके थे मंगलसूत्र : माहरा

देहरादून(उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने 'मंगलसूत्र' पर पीएम नरेंद्र मोदी के बयान को कोराना महामारी काल से जोड़ते हुए भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के पास मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाने को कुछ नहीं हैं, जिससे अब भाजपा महिलाओं के सुहाग



के प्रतीक मंगलसूत्र पर ओछी राजनीतिक करने पर उतर आई है। कांग्रेस भवन में मीडिया से बातचीत में माहरा ने प्रधानमंत्री मोदी के मंगलसूत्र के बयान पर पलटवार किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा सुहागिन महिलाएं मंगलसूत्र को अपने सुहाग की निशानी के तौर पर धारण करती हैं। यह पवित्र परंपरा हिंदू धर्म में वैदिक काल से चली आ रही है। हिंदू धर्म में यह भी माना जाता है कि मंगलसूत्र में स्वर्ण के साथ ही चरेऊ के दाने भी धारण किए जाते हैं, जो अत्यंत ही पवित्र एवं पूज्य माने जाते हैं, लेकिन भाजपा ने इसका अपमान किया। मंगलसूत्र बिकने की बात करने वाले भूल रहे हैं कि महिलाओं के मंगलसूत्र नोटबंदी में अपनी बेटियों की विदाई के लिए बिके थे। कोरोना महामारी में अपनों के उपचार के लिए बिके थे। जिनके राज में मंगलसूत्र बिके थे वे आज सत्ता की खातिर दूसरों पर झूठा आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस के शासनकाल में किसी भी महिला के सुहाग की निशानी छीनने की नौबत नहीं आई। भाजपा नेता एक तरफ महिलाओं के मंगलसूत्र को चुनावी हथियार बना रहे हैं। वहीं दूसरी ओर भगवान केदारनाथ के मंदिर से 230 किलो सोने की गायब होने की जांच भी नहीं की जाती है।

## उत्तराखंड संस्कृत बोर्ड 10वीं में उत्तरकाशी के प्रकाश ने किया टॉप

देहरादून। उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद हरिद्वार की ओर से आज शुक्रवार को 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम जारी किए गए। प्रदेश में उत्तराखंड संस्कृत बोर्ड से इस बार दसवीं में 754 और 12वीं में 722 छात्रों ने परीक्षा दी थी। जिनमें कक्षा 10 की बोर्ड की परीक्षा में उत्तरकाशी के प्रकाश व्यास और 12वीं में पौड़ी गढ़वाल



के आयुष ममगाई ने प्रदेश में टॉप किया। प्रकाश व्यास श्री विश्वनाथ संस्कृत महाविद्यालय उत्तरकाशी के छात्र हैं। जबकि आयुष ममगाई ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय भुवनेश्वरी सिद्धपीठ झोंजल, सितोनस्यूं पौड़ी गढ़वाल के छात्र हैं। वहीं दसवीं में श्री जयदयाल अग्रवार संस्कृत विद्याल श्रीनगर पौड़ी गढ़वाल के सक्षम प्रसाद ने प्रदेश में दूसरा और दुर्गादत्त कपिलाश्रमी संस्कृत महाविद्याल हल्द्वानी नैनीताल के जगदीश चंद्र तिवारी ने तीसरा स्थान पाया। 12वीं में पंजाब सिंध क्षेत्र साधु महाविद्याल ऋषिकेश के दीक्षांत डंगवाल और श्री शिवनाथ संस्कृत महाविद्याल देहरादून की रिंकी बरिहा ने प्रदेश में दूसरा स्थान पाया। वहीं पंजाब सिंध क्षेत्र साधु महाविद्याल ऋषिकेश के नीरज बिजल्वाण और श्री शिवनाथ संस्कृत महाविद्याल के दिशु को तीसरा स्थान मिला।

## ईवीएम मशीन की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गोदियाल ने की शिकायत

देहरादून। लोकसभा चुनावों के लिए उत्तराखंड में प्रथम चरण में मतदान सम्पन्न हो गया है। इसके बाद रायपुर स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के घेरे में ईवीएम मशीन रखी गई है। लेकिन इसकी सुरक्षा को लेकर पौड़ी से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने सवाल



उठाए हैं। मंगलवार को उन्होंने सुरक्षा पर सवाल उठाते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। प्रदेश में प्रथम चरण में मतदान सम्पन्न हो गया। मतदान संपन्न होने के बाद देहरादून के रायपुर स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्ट्रांग रूम बनाकर कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम मशीन को रखा गया है। लेकिन ईवीएम की सुरक्षा को लेकर गणेश गोदियाल ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कि उन्हें केंद्र से आई सुरक्षा व्यवस्था में तैनात फोर्स पर भरोसा नहीं है। ईवीएम मशीन की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गणेश गोदियाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी वीबीआरसी पुरुषोत्तम को उनके कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने स्पोर्ट्स कॉलेज रायपुर में बनाए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा पर सवाल उठाते हुए कहा है कि उन्हें केंद्र से आई सुरक्षा व्यवस्था में तैनात फोर्स पर भरोसा नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरों की संख्या भी बढ़ाई जाए।

## स्ट्रांग रूम के ताले पर लगाई सील पर प्रत्याशियों के हस्ताक्षर नहीं

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को शिकायत भेज कर स्पोर्ट्स कॉलेज रायपुर में बनाए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस का कहना है कि स्ट्रांग रूम के कक्ष में तालों पर लगाई गई सील पर केवल निर्वाचन विभाग के अधिकारियों के हस्ताक्षर है। इसमें लोकसभा प्रत्याशियों के हस्ताक्षर नहीं कराए गए। प्रदेश कांग्रेस महासचिव नवीन जोशी ने मुख्य निर्वाचित अधिकारी को भेजी शिकायत में कहा कि ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में सुरक्षा कर्मियों की निगरानी में रखा गया है। पूर्व सीएम हरीश रावत के मुताबिक स्ट्रांग रूम में तालों पर लगी सील पर प्रत्याशियों के हस्ताक्षर नहीं कराए गए। साथ ही स्ट्रांग रूम के पिछले हिस्से की दीवार में एक खिड़की बनी हुई है। जो सीसीटीवी कैमरे के दायरे में नहीं है। कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से शिकायत पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## मानसून में सामान्य से अधिक वर्षा होने का पूर्वानुमान : डॉ. बिक्रम सिंह

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, यूएसडीएमए की ओर से आज मानसून की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर में डॉ. बिक्रम सिंह ने कहा कि उत्तराखण्ड में भी इस मानसून सामान्य से अधिक वर्षा होने का पूर्वानुमान है। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग द्वारा इम्पेक्ट बेस्ड पूर्वानुमान जारी किया जा रहा है, जिससे विभिन्न विभागों को समय रहते अपनी-अपनी तैयारियां करने का पर्याप्त समय मिल जाता है। मौसम की रियल टाइम मॉनिटरिंग भी की जा रही है, जिससे काफी हद तक सटीक पूर्वानुमान लगाना संभव है। मौसम विशेषज्ञ रोहित थपलियाल ने बताया कि मौसम विभाग की वेबसाइट पर मौसम की पल-पल की जानकारी मौजूद है और विभिन्न प्रसार माध्यमों से इन जानकारियों को लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। मौसम विभाग अलर्ट जारी करने के साथ ही एहतियात बरते जाने की भी जानकारी साझा करता है। इस दौरान उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र (यूएलएमएमसी) के निदेशक डॉ. शांतनु सरकार ने कहा कि राज्य में भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में बरसात के दौरान सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे सभी क्षेत्रों के लिए न्यूनीकरण एवं प्रबंधन उपायों में संबंधित विभाग तेजी लाएं। प्रशिक्षण शिविर में यूएसडीएमए के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. विमलेश जोशी तथा मौसम विशेषज्ञ डॉ. पूजा राणा ने से बचाव हेतु बताया कि आकाशीय बिजली गिरने की घटना को गंभीरता से लेने की जरूरत है क्योंकि हर साल काफी संख्या में लोग आकाशीय बिजली की चपेट में आकर अपनी कीमती जिंदगी गवां देते हैं। प्रशिक्षण शिविर में यूएसडीएमए के एसईओसी प्रभारी राहुल जुगरान ने मानसून तथा चारधाम यात्रा को लेकर विभाग की तैयारियों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि मानसून तथा चारधाम यात्रा को लेकर यूएसडीएमए पूरी तरह से तैयार है। इस दौरान प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास विशेषज्ञ जेसिका टेरोन, आईईसी विशेषज्ञ मनीष भगत के अलावा सभी जिलों के डीडीएमओ, सीएमओ आदि सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

## लोकसभा चुनाव में कम मतदान से भाजपा चिंतित

देहरादून। लोकसभा चुनाव में कम मतदान से भाजपा चिंतित है। भाजपा में कई पूर्व विधायक आए, मगर वोट प्रतिशत नहीं बढ़ा पाए। बूथ प्रबंधन में पार्टी का रोडमैप पूरी तरह से जमीन पर नहीं आ पाया। हजारों



की संख्या में कांग्रेस और अन्य दलों से नेताओं और कार्यकर्ताओं को भाजपा में शामिल करने के बावजूद भाजपा मतदान प्रतिशत के तय लक्ष्य से दूर रह गई। लोकसभा की पांचों सीटों पर कम मतदान से भाजपा परेशान है और पार्टी ने जल्द ही इसकी समीक्षा करने का फैसला किया है। पार्टी के लिए चिंता की बात यह भी है कि चुनाव से पहले कांग्रेस जिन पूर्व विधायकों पर भाजपा में शामिल कराया गया था, उनकी विधानसभा क्षेत्रों में भी वोट प्रतिशत पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव से कम रहा। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, पहले चरण के मतदान में कम मतदान ने भाजपा केंद्रीय नेतृत्व को भी चिंता में डाल दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी सभी प्रदेश अध्यक्षों को बूथ प्रबंधन की रणनीति को जमीन उतारने के लिए गंभीर प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। उत्तराखंड में चूंकि मतदान हो चुका है, इसलिए प्रदेश संगठन की ओर से कम मतदान के संबंध में केंद्रीय नेतृत्व को रिपोर्ट भेजी जाएगी। पार्टी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, चुनाव प्रचार के दौरान जिस तादाद में नेता और कार्यकर्ता कांग्रेस व अन्य दलों को छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे थे, पार्टी को लग रहा था कि मतदान की प्रतिशत बढ़ेगा, लेकिन नतीजा इसके ठीक विपरीत आया है। खासतौर पर पूर्व विधायकों के चुनाव क्षेत्रों में कम मतदान को लेकर पार्टी की उम्मीदों को झटका लगा है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पार्टी ने बूथ प्रबंधन का रोडमैप बनाया था, लेकिन यह भी जमीन नहीं उतर पाया। 2022 के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव में हुए मतदान का तुलनात्मक विश्लेषण करने पर यह तथ्य सामने आया कि 2024 के चुनाव में मतदान प्रतिशत काफी कम रहा, जबकि कुछ विधानसभा सीटों पर 2022 के चुनाव में पहले व दूसरे तथा कुछ जगह तीसरे स्थान पर रहे प्रत्याशियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। इस हिसाब से इन सीटों पर मतदान प्रतिशत बढ़ना चाहिए था, लेकिन बढ़ने के बजाय यह घट गया। भाजपा में शामिल पूर्व विधायकों की सीट पर मतदान के आकड़ों के अनुसार पुरोला 54.99 मालचंद गंगोत्री 55.13 विजय पाल सिंह सजवाण, टिहरी 44.18 दिनेश धनै, धन सिंह नेगी धनोल्टी 50.41 जोत सिंह बिष्ट, महावीर सिंह रांगड धर्मपुर 51.81 दिनेश अग्रवाल ऋषिकेश 53.08 कनक धनै डोईवाला 60.52 जितेंद्र नेगी भगवानपुर 71.17 सुबोध राकेश केदारनाथ 59.02 कुलदीप रावत यमकेश्व .46 शैलेंद्र सिंह रावत पौड़ी 49.02 नवल किशोर श्रीनगर 54.62 मोहन काला चौबट्टाखाल 41.60 केसर सिंह नेगी बदरीनाथ 57.62 राजेंद्र भंडारी भीमताल 56.39 दान सिंह भंडारी कालाढुंगी 60.37 महेश शर्मा।

## जंगली मशरूम की पांच नई प्रजातियां खोजी

उत्तरकाशी। हिमालयी राज्य उत्तराखंड में जंगली मशरूम की पांच नई प्रजातियां खोजी गई हैं। इस खोज को भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण कोलकाता के सेंट्रल नेशनल हर्बेरियम, हावड़ा की वैज्ञानिक टीम ने अंजाम दिया है। वैज्ञानिकों के मुताबिक उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों से जंगली मशरूम की यह पांच नई प्रजातियां खोजी हैं। यह पांचों प्रजातियां खाने योग्य तो नहीं है, लेकिन पारिस्थितिकी तंत्र के साथ ही औषधि व दवा के क्षेत्र में इन्हें उपयोगी बताया जा रहा है। इस खोज से इस क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता का भी पता चलता है। वैज्ञानिकों की इस खोज से संबंधित शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रमुख जर्नल साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित हुआ है। भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण की सेंट्रल नेशनल हर्बेरियम के प्रख्यात कवक विज्ञानी (माइकोलॉजिस्ट) और वैज्ञानिक-एफ डॉ.कणाद दास के नेतृत्व में सात सदस्यीय टीम ने यह खोज की है। लेसीनेलम बोथी- जंगली मशरूम की ये प्रजाति रुद्रप्रयाग जनपद के बनियाकुंड में 2,622 मीटर की ऊंचाई खोजी गई है।फाइलोपोरस हिमालयेनस- ये प्रजाति बागेश्वर जनपद में 2,870 मीटर की ऊंचाई पर मिली है।फाइलोपोरस स्मिथाई -यह प्रजाति भी रुद्रप्रयाग में बेनियाकुंड से 2562 मीटर की ऊंचाई पर पाई गई है।पोर्फिरेलस उत्तराखंडाई - चमोली जनपद से 2283 मीटर की ऊंचाई पर यह प्रजाति खोजी गई है। रेटिबोलेटस स्यूडोएटर -यह प्रजाति बागेश्वर जनपद में 2545 मीटर की ऊंचाई से खोजी गई।

# बीकेटीसी ने बदरीनाथ में परखीं व्यवस्थाएं, रंगरोगन कार्य शुरू

चमोली। बदरीनाथ धाम की यात्रा को लेकर इन दिनों तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। जहां प्रशासन की ओर से व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। वहीं बीकेटीसी की ओर से मंदिर की साज सज्जा, सफाई व अन्य कार्य शुरू कर दिए गए हैं। इस साल बदरीनाथ धाम की यात्रा 12 मई से शुरू हो रही है। इसी के तहत समिति की ओर से इन दिनों बदरीनाथ धाम में साफ सफाई के साथ नक्काशीदार लकड़ियों पर रंगरोगन कार्य कराया जा रहा है। यात्रा शुरू होने तक मंदिर की साज सज्जा से लेकर अन्य कार्य पूरे किए जा सकें। बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने बताया कि बदरीनाथ धाम की यात्रा की तैयारी जोरों पर चल रही हैं। मंदिर में साफ-सफाई के साथ रंगरोगन का कार्य किया जा रहा है। साथ ही मंदिर में आने वाले वीआईपी श्रद्धालुओं के लिए कक्ष निर्माण का कार्य भी किया जा रहा है। बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को बदरीनाथ धाम पहुंचकर यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बीकेटीसी के अग्रिम दल को आवश्यक कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य कार्याधिकारी ने मंदिर के सिंहद्वार परिसर, मंदिर समिति के गेस्ट हाउस, दर्शन पंक्ति, तत्पकुंड, मंदिर मार्ग बस टर्मिनल स्थित कार्यालय का निरीक्षण किया। साथ ही वीआईपी व वीवीआईपी दर्शन व्यवस्था को लेकर किए गए निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। उन्होंने शीतकाल में मंदिर की सुरक्षा में लगे समिति के स्वंसेवकों, आईटीबीपी व पुलिस के जवानों से भी मुलाकात की। बीकेटीसी के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया, 13 अप्रैल को 20 सदस्यीय अग्रिम दल बदरीनाथ पहुंच गया था। इन दिनों मंदिर परिसर में साफ-सफाई, रंग-रोगन, बिजली, पानी, आवास आदि व्यवस्थाओंको दुरुस्त किया जा रहा है।

# घर में घुसे तेंदुए को बच्चों ने किया कैद

जसपुर। पानी और शिकार की तलाश में एक तेंदुआ आबादी क्षेत्र में आकर एक ग्रामीण के घर में घुस गया। घर में मौजूद बच्चों ने तेंदुए को कैद कर लिया। तेंदुआ कैद होने की सूचना मिलते ही आसपास गांव के ग्रामीण भी घटनास्थल पर पहुंच गए। वन विभाग की टीम तेंदुए को रेस्क्यू कर अपने साथ ले गई। घटना प्रदेश की सीमा से सटे गांव सादकपुर थाना रेहड़ यूपी की है। बुधवार दोपहर सादकपुर गांव निवासी अली हसन के घर एक तेंदुआ घुस गया। घर में तेंदुए को देखकर शोर मचाने पर तेंदुआ दीवार पार कर पड़ोसी साबिर हुसैन के घर में जा घुसा। उस समय साबिर अपनी पत्नी के साथ अपने खेत पर थे। उसके बच्चे आतिफा और अहतेशाम पड़ोसी नासिर की बेटी अजूबी के साथ बरामदे में खेल रहे थे। घर में तेंदुए को देखकर तीनों बच्चे डर गए। उन्होंने सूझबूझ का परिचय देते हुए घर से बाहर आकर मेन गेट बंद कर दिया। प्रधान पति मो. अय्याज ने मामले की सूचना वन



विभाग और और थाना पुलिस को दी। घटनास्थल पर रेस्क्यू टीम ने कई घंटे की मेहनत के बाद तेंदुए को जाल से रेस्क्यू किया। रेंज अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि तेंदुआ वयस्क नहीं हैं। चिकित्सीय परीक्षण के लिए उसे केहरीपुर वन चौकी लाया गया है। उच्चाधिकारियों के बताए गए स्थान पर छोड़ा जाएगा।










# प्रशिक्षण के बाद आईटीबीपी को मिले 53 अधिकारी








मसूरी (उद संवाददाता)। भारत तिब्बत सीमा पुलिस अकादमी में 25 सप्ताह के कठिन प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त 52 चिकित्सा अधिकारी और 1 उप सेनानी / जैग अधिकारी कुल 53 अधिकारी बल की मुख्य धारा में शामिल हुए। इन अधिकारियों को कठोर एवं लम्बे प्रशिक्षण के दौरान युद्ध कौशल, शस्त्र चालन, शारीरिक प्रशिक्षण, आसूचना, मानचित्र अध्ययन, सैन्य प्रशासन, कानून व मानव अधिकार जैसे सैन्य व पुलिस संबंधी विषयों का गहन प्रशिक्षण दिया गया। पास आउट होने वाले इन अधिकारियों में 54वें गोस कॉम्बैटाइजेशन कोर्स के प्रशिक्षणार्थी देश के विभिन्न राज्यों से हैं, जिनमें केरल एवं राजस्थान से 08-08, तमिलनाडु से-05, उत्तरप्रदेश-04, आन्ध्रप्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, मणिपुर से 03-03, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, तेलंगाना, पांडीचेरी से 02-02 एवं बिहार, असम, कर्नाटका, मध्यप्रदेश एवं उत्तराखण्ड से 01-01 प्रशिक्षणार्थी है। आज प्रशिक्षण के उपरान्त आयोजित भव्य दीक्षांत एवं शपथ ग्रहण समारोह में इन युवा अधिकारियों ने संविधान एवं बल के प्रति निष्ठा एवं समर्पण की शपथ ली। पासिंग आउट परेड में बतौर मुख्य अतिथि राहुल रसगोत्रा, भारतीय पुलिस सेवा, महानिदेशक, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल ने अपने संबोधन में पास आउट होने वाले सभी अधिकारियों को बल की मुख्य धारा में शामिल होने पर बधाई देते हुए इस बल में उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रसगोत्रा 1989 बैच के मणिपुर कैडर के आईपीएस अधिकारी है। विशिष्ट सेवा के लिए उन्हें राष्ट्रपति पुलिस पदक, सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक और असाधारण आसूचना कुशलता पदक से भी अलंकृत किया गया है।मुख्य अतिथि ने नव नियुक्त अधिकारियों का आहवान करते हुए कहा कि भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल का इतिहास बहुत गौरवशाली रहा है। बल को आप लोगों से बहुत अपेक्षाएं है, इसलिए बल की परंपराओं को आगे बढाते हुए बल का नाम रोशन करना है। प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने ई-अमोघ पत्रिका का विमोचन किया। इस पुस्तक में उपरोक्त कोर्सों के अब तक के सफर का संग्रहण किया गया है। समारोह में मुख्य अतिथि एवं बल के वरिष्ठ अधिकारियों ने युवा अधिकारियों के कंधों पर सितारे सजाकर उनका उत्साह वर्धन किया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनायें दी।

# मासूम बच्ची से रेप के आरोपी मुंहबोले मामा को किया गिरफ्तार

जयपुर। जसपुर में मुंहबोले मामा पर सात साल की बच्ची से दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एक व्यक्ति ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि उसकी बहन की शादी पास के गांव में हुई है। उसकी बहन के घर के सामने आरोपी मनीष का घर है। इस नाते जान-पहचान के कारण मनीष उनके घर भी आता रहता है। उसके बच्चे उसे मामा कहकर बुलाते हैं। आरोप है कि आरोपी मनीष 23 अप्रैल को उसके गांव आया था। इस दिन शाम को उसकी सात साल की पुत्री को खाने की चीज देने के बहाने नहर के रास्ते घर के पीछे बाग की तरफ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के कपड़े खून से लथपथ देख उसकी पत्नी ने उसे फोन पर जानकारी दी। वह घर पहुंचा तब बेटी से उसे आरोपी द्वारा उसके साथ की गई वारदात की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 एबी /363 आईपीसी व 3/4 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल हरेंद्र चौधरी ने बताया कि सात वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोप में कार्रवाई करते हुए पॉक्सो आरोपी मनीष कुमार को उसी के घर के रास्ते से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# सिपाही की पत्नी के बैग से पांच लाख के गहने चोरी

नैनीताल। यह कैसी मित्र पुलिस है जो अपने लोगों की भी मदद न कर सके। इसका ताजा उदाहरण पुलिस कर्मी की पत्नी की तहरीर से लगाया जा सकता है। शातिर चोरों ने 16 अप्रैल को रुद्रपुर से सवारी वाहन से हल्द्वानी आ रहीं सिपाही की पत्नी का ट्रॉली बैग काटकर करीब पांच लाख रुपये के जेवर उड़ा लिए थे। पीड़िता ने 21 अप्रैल को हल्द्वानी मामले में कोतवाली में तहरीर सौंपी लेकिन अब तक मामले में मुकदमा दर्ज नहीं हो सका है। हालांकि पुलिसकर्मी के परिजनों का कहना है कि इस मामले में रुद्रपुर में भी मुकदमा दर्ज कराया है। संजय राणा रुद्रपुर पुलिस लाइन में सिपाही हैं। उनकी पत्नी नीमा



राणा ने बताया कि अल्मोड़ा में उनकी भतीजी की शादी थी। शादी में जाने के लिए 16 अप्रैल को ई-रिक्शा में सवार होकर घर से रुद्रपुर स्थित डीडी चौक पहुंची। वहां से टाटा मैजिक वाहन से हल्द्वानी के लिए निकलीं। यहां से उन्हें गौलापार में बहन के घर जाना था। मैजिक चालक ने उनके ट्रॉली बैग को वाहन के पीछे रख दिया था। इसके बाद वह सिंधी चौराहे पहुंची। यहां से उन्होंने ताज चौराहे के लिए दोबारा ई-रिक्शा लिया। फिर दीदी के घर गौलापार पहुंच गईं। वहां कपड़े निकालने के दौरान देखा तो ट्रॉली बैग कटा हुआ था। बैग में रखी सोने की नथ, पौंची, कान के झुमके, मांगटीका, सोने की माला, दो जोड़ी चांदी की पायल और पांच हजार कैश चोरी हो गया था। कहा कि उन्होंने इसकी सूचना अपने पति और परिवार को दी। साथ ही डायल 112 में भी सूचना दी। कहा कि हल्द्वानी में 21 अप्रैल को तहरीर दी गई। पर पुलिस ने अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस सही से जांच नहीं कर रही है। उधर कोतवाल उमेश मलिक का कहना है कि सीसीटीवी की जांच की जा रही है। महिला कहां से आई, किस-किस वाहन में गई। इसकी भी जांच की जा रही है। जल्द मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा।




# सभी कार्यदायी संस्थायें निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करायें : डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। निर्माण संस्थाओं की बैठक जिला कार्यालय सभागार में लेते हुए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने पेयजल निगम खण्ड वर्ल्ड बैंक, पेयजल निगम खण्ड खेल विभाग, पेयजल निगम खण्ड निर्माण निगम, खण्ड अमृत योजना, खण्ड नमामि गंगे व जेजेएम योजना कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों में गति लाकर कार्यों को पूर्ण करते हुए हस्तांतरित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा सभी कार्यदायी संस्था निर्माण कार्यों में श्रमिकों व उपकरणों में वृद्धि कर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें साथ ही उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं से साप्ताहिक कार्य प्रगति डाटा चार्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि माह जून से वर्षाकाल प्रारंम्भ हो जाता है यही दो माह है कार्यों में गति लाने के इसलिए मैनपावर व उपकरण बढ़ाकर कार्यों को पूर्ण कराने सुनिश्चित करें। उन्होंने पेयजल खण्ड वर्ल्ड बैंक समीक्षा की। समीक्षा दौरान अधिशासी अभियन्ता ने बताया कि वर्ल्ड बैंक खण्ड द्वारा जनपद में 03 पेयजल योजनाएं स्वीकृत है जिसमें से बंडिया पेयजल योजना पूर्ण हो चुकी है। पेयजल संयोजन देने का कार्य प्रगति पर है। पेयजल कनेक्शन 10986 के सापेक्ष 2477 कनेक्शन दिये गये है। जबकि उमरूखुर्द पेयजल योजना व महोलीया पेयजल योजना में 04-04 नलकूप व 02-02 टैंकों का कार्य अंतिम दौर में है। पेयजल संयोजन कार्य भी उमरूखुर्द योजना मे 3900 के सापेक्ष 2800 पेयजल संयोजन कर दिये गये है जबकि महोलिया पेयजल योजना में 2669 के सापेक्ष 2400 पेयजल संयोजन किये गये है। दोनो योजना कार्य जून तक पूर्ण कर लिये जायेगें। जिलाधिकारी ने पेयजल संयोजन के साथ ही पुराने पेयजल संयोजनो को रेगुलर करते हुए मीटर लगाने के निर्देश भी दिये। साथ ही कहा कि पेयजल लाईन डालने हेतु सम्बधित उपजिलाधिकारी, पीडब्लूडी व नगर निगम निकाय के साथ बैठक कर सड़क खोदने की कार्यवाही करे तथा शीघ्र पेयजल लाईन डालकर ससमय सड़क मरम्मत कराना भी सुनिश्चित करें। समीक्षा दौरान पेयजल निगम खण्ड खेल विभाग द्वारा अवगत कराया के खण्ड द्वारा रूद्रपुर स्टेडियम ट्रैक कार्य व फुटबाल ग्राउण्ड कार्य, खेमपुर में मल्टीपरपज हॉल, बैलोड्रम कार्य, चकरपुर में खेल स्टेडियम कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी कार्यों की प्रगति रिपार्ट डाटा तलब किया व कहा कि कार्यों का शीघ्र स्थलीय निरीक्षण किया जायेगा। पेयजल निर्माण निगम के अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया कि निर्माण निगम द्वारा जनपद में 09 कार्य किये जा रहे है जिसमें मेडिकल कालेज रूद्रपुर, इएनसी काशीपुर कार्य, सिडकुल पंतनगर में हॉस्टिल निर्माण, प्लास्टिक पार्क सितारगंज, पोलिटेक्निक खटीमा में आईटी ब्लाक निर्माण, पीएम जन विकास योजना में 03 कार्य, वन स्टॉप सेन्टर की चहारदीवारी कार्य, सितारगंज जेल में आवासीय भवन निर्माण कार्य के साथ ही रूद्रपुर सर्किट हाउस की डीपीआर व डिजाइन स्वीकृति हेतु भेजा गया है। जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये की सभी निर्माण कार्यों मे मानव शक्ति के साथ ही उपकरण बढ़ाकर कार्यों में तेजी लाये साथ ही कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये ताकि कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया जा सके व मुख्य विकास अधिकारी को कार्य प्रगति की नियमित समीक्षा करने के भी निर्देश दिये। समीक्षा दौरान पेयजल निगम अमृत योजना खण्ड के अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि अमृत योजना के अन्तर्गत जनपद में 06 योजनाओं में से 05 योजनाएं पूर्ण कर ली गई है जिस पर जिलाधिकारी ने पूर्ण योजनाओं को सम्बंधित विभाग को हस्तांतरित कराने के निर्देश दिये। अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि एसटीपी काशीपुर का सिविल कार्य पूर्ण हो गया है। मैकेनिकल कार्य किया जाना है, जिस पर जिलाधिकारी ने शीघ्र मैकेनिकल कार्य प्रारंम्भ करने के निर्देश दिये साथ ही पेयजल योजनाओं के संयोजन रेगुलाईज करने व मीटर लगाने का कार्य भी कराने के निर्देश दिये। अभियन्ता ने बताया कि अमृत योजना द्वितीय में शक्तिगढ़ पेयजल योजना व नानकमत्ता पेयजल योजना स्वीकृत है। शक्तिगढ पेयजल योजना कार्य 65 प्रतिशत कर लिया गया है। जबकि नानकमत्ता पेयजल योजना का प्रस्ताव स्वीकृति हेतु डीपीआर भेजी गयी है। एसबीएम द्वितीय में महुवाडावरा पेयजल योजना का 48 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है। जिलाधिकारी ने कार्य योजनाओं का टाईमलाईन चार्ट मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने नमामि गंगे व जेजेएम कार्यों की लंबित पम्पिंग योजनाओं के कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश कार्यदायी संस्थाओं को दिये। उन्होंने कहा कार्यों में शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, परियोजना निदेशक अजय सिंह, अधीक्षण अभियन्ता पेयजल मृदुला सिंह, अधिशासी अभियन्ता पीएन चौधरी, जल संस्थान रूद्रपुर तरूण शर्मा, खटीमा अजय कुमार, काशीपुर नरेन्द्र रैखाड़ी,सहायक अभियन्ता एलएम पाण्डे, कमल किशोर सहित पेयजल के अधिकारी मौजूद थे।



# श्रद्धालुओं को लंबी कतारों में प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी : सतपाल महाराज

## पर्यटकों और यात्रियों को चार धामों के दर्शन के लिए टोकन व स्लॉट की व्यवस्था होगी



देहरादून। पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा, पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की तादाद में काफी वृद्धि होगी। यात्रा के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंजीकरण कर रहे हैं। यात्रा शुरू होने से पहले ही यात्रा मार्गों पर जीएमवीएन के गेस्ट हाउसों की बुकिंग में लगातार इजाफा हो रहा है। इसको देखते हुए संभावना है कि इस बार भी चारधाम यात्रा पिछले वर्ष के 56.31 लाख श्रद्धालुओं का रिकॉर्ड तोड़ेगी। महाराज ने बताया, चारधाम यात्रा से पूर्व यात्रा मार्गों पर गढ़वाल मंडल विकास निगम के गेस्ट हाउसों में 22 फरवरी 2024 से अब तक आठ करोड़ रुपये से अधिक की बुकिंग को चुकी है। यह आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 15 अप्रैल से पंजीकरण शुरू किया गया। अभी तक 14.89 लाख श्रद्धालुओं ने पंजीकरण किया है। इसमें गंगोत्री धाम के लिए 27,3691, यमुनोत्री 2,49,864, केदारनाथ 5,12,976, बदरीनाथ 4,29,949 और हेमकुंड साहिब के लिए 22,961 पंजीकरण हो चुके हैं। बताया, चारधाम यात्रा के लिए राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद मुख्यालय में स्थापित किया गया है, जो पूरे यात्राकाल के दौरान संचालित रहेगा। प्रर्यटन बताया कि प्रतिदिन सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक संचालित कंट्रोल रूम वर्तमान में भी संचालित है। महाराज ने कहा, पर्यटकों और यात्रियों को देव दर्शनों के दौरान लंबी कतारों एवं अधिक समय तक प्रतीक्षा न करनी पड़े। इसके लिए धामों के दर्शन के लिए टोकन व स्लॉट की व्यवस्था शुरू की गई है। पंजीकरण, टोकन, सत्यापन व्यवस्था के लिए कार्यरत एजेंसी संग पर्यटन विभाग के अफसरों द्वारा धामों का स्थलीय निरीक्षण प्रशासन, पुलिस अफसरों के साथ स्थान का चयन भी प्रस्तावित है। इस व्यवस्था के लागू होने पर किसी भी यात्री को कतार और लाइन में एक घंटे से अधिक का इंतजार नहीं कराना होगा। यात्रा काल में 115 उपनल और पीआरडी के माध्यम से पर्यटक सुरक्षा, सहायता मित्रों की तैनाती की जा रही है। यात्रा मार्गों पर वर्तमान में सुलभ इंटरनेशनल संस्था के माध्यम से 1,584 सीटों वाले 147 स्थायी शौचालयों की व्यवस्था है। इसके अलावा गंगोत्री व यमुनोत्री मार्ग पर 82 स्टील फ्रेम शौचालय, जनपद रुद्रप्रयाग के तहत विभिन्न स्थलों पर निर्मित कुल 251 सीट, जनपद चमोली के यात्रा मार्ग पर 60 सीट एवं हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर 80 स्टील फ्रेम शौचालय स्थापित हैं।

# राज्यपाल को श्री हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए आमंत्रित किया

देहरादून (उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने मुलाकात कर उन्हें श्री हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने राज्यपाल को 22 मई को ऋषिकेश से पंज प्यारों की अगुवाई में प्रथम जत्थे को रवानगी हेतु भी आमंत्रित किया, जिससे हेमकुंड साहिब यात्रा-2024 का शुभारंभ होगा। राज्यपाल ने श्री बिंद्रा से हेमकुंड साहिब यात्रा की तैयारियों और यात्रा मार्गों में चल रहे निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा कि हमारा प्रयास रहे कि श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम और सुरक्षित हो इसके लिए यात्रा मार्गों पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। इस दौरान श्री बिंद्रा द्वारा जानकारी दी गई कि यात्रा की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं और यात्रा मार्गों में पैदल रास्तों के चौड़ीकरण और सुधारीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। भारतीय सेना द्वारा बर्फ को हटाकर पथ को यात्रियों के लिए सुगम बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रूतूड़ा में ट्रस्ट के द्वारा 5 हजार यात्रियों के ठहरने हेतु आधुनिक धर्मशाला एवं प्रारंभिक चिकित्सा हेतु अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है जिसमें हेमकुंड सहित चारधाम यात्रा के श्रद्धालुओं की सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा शासन एवं प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय कर यात्रियों के लिए निर्बाध और सुरक्षित यात्रा के प्रयास किए जा रहे हैं।



# पर्वतीय रूट के लिए 130 नई बसों की खरीद को हरी झंडी

देहरादून। उत्तराखंड के पर्वतीय मार्गों पर रोडवेज का सफर और सुहावना होने जा रहा है। परिवहन निगम 130 नई बसें खरीद रहा है, जिनकी आवक जून माह से शुरू हो जाएगी। परिवहन निगम ने करीब डेढ़ साल पहले पर्वतीय मार्गों पर 130 नई बसों के संचालन के लिए प्रक्रिया शुरू की थी। इसके तहत निगम ने टेंडर भी निकाला था, लेकिन कुछ तकनीकी नियमों की वजह से केवल एक कंपनी आई थी। लिहाजा परिवहन निगम ने टेंडर रद्द कर दिया था। इस बीच परिवहन मुख्यालय ने नियमों में कुछ संशोधन कर दिए। इसके बाद परिवहन निगम ने नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया की है। परिवहन निगम के महाप्रबंधक संचालन एवं तकनीकी दीपक जैन ने बताया, केवल पर्वतीय मार्गों पर संचालन के लिए ही 130 बसें खरीदी जा रही हैं। टेंडर के बाद वर्क ऑर्डर जारी किया जा चुका है। बताया, जून माह में इन बसों की डिलीवरी शुरू हो जाएगी। माना जा रहा कि जून से आगामी तीन माह में पर्वतीय मार्गों पर बसों की किल्लत कम हो जाएगी। परिवहन निगम ने कई नए रूट भी चिह्नित किए हैं, जिन पर भविष्य में बस संचालन किया जाएगा। परिवहन निगम का बस बेड़ा लगातार घटता जा रहा है। जो रोडवेज बसें अपनी आयु पूरी कर रही हैं, निगम उन्हें संचालन से हटा रहा है। लिहाजा निगम को ज्यादा संख्या में नई व बीएस-6 वाली बसों की दरकार है।



# वन विभाग आग बुझाने में जुटा

देहरादून। उत्तराखंड में पिछले 24 घंटे में 54 स्थानों पर जंगलों में आगे की घटनाएं सामने आई हैं। वन विभाग की टीमें आग बुझाने में जुटी हैं। अब तक वनाग्नि की 544 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। वन विभाग की ओर से जारी सूचना के मुताबिक, बीते 24 घंटे में गढ़वाल में सात, कुमाऊं में 45 और दो वन्यजीव क्षेत्रों में आग की घटनाएं सामने आईं। इनसे 75.18 हेक्टेयर जंगल प्रभावित हुए हैं। वन विभाग आग बुझाने के प्रयासों में जुटा है। प्रदेश में एक नवंबर 2023 से अब तक वनाग्नि की 544 घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें 656.55 हेक्टेयर जंगल प्रभावित हुआ है। गढ़वाल में 211, कुमाऊं में 287 और वन्यजीव क्षेत्रों में अब तक 46 वनाग्नि की घटनाएं प्रकाश में आ चुकी हैं। अपर प्रमुख वन संरक्षक निशांत वर्मा के मुताबिक, आरक्षित वनों में अब तक 376 और सिविल या वन पंचायतों में अब तक 168 वनाग्नि की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

# जिला बार एसोसिएशन के दिवाकर पाण्डे अध्यक्ष निर्वाचित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। एडवोकेट दिवाकर पाण्डे तीसरी बार-बार एसोसिएशन उधमसिंहनगर की वर्ष 2024-25 की कार्यकारणी के अध्यक्ष एवं सर्वेश कुमार सिंह सचिव निर्वाचित हुए हैं जबकि कृष्ण चन्द उपाध्यक्ष,विष्णु कुमार मण्डल उपाध्यक्ष कलेक्ट्रेट, पावेल कठायत कोषाध्यक्ष ,आशीष त्रिपाठी लेखा परीक्षक, गौरव मिड्ढा पुस्तकालयध्यक्ष,विकास तिवारी उपसचिव, अमित छाबडा व अखिलेश कुशवाहा वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य तथा परविन्दर सिंह,जयप्रकाश गंगवार व संजीत बढई कनिष्ठ कार्यकारणी सदस्य निर्वाचित हुए हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी सी.पी.जोशी ने गुरूवार की देर शाम को बताया कि बार एसोसिएशन उधम सिंहनगर की वर्ष 2024-25 की कार्यकारणी के गठन हेतु सम्पन्न हुई चुनाव प्रक्रिया के तहत 588 में से 554 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। गुरूवार को प्रात: 11 बजे मतगणना प्रारम्भ हुई जो देर शाम 9 बजे सम्पन्न हुई।श्री जोशी ने चुनाव परिणामों की घोषणा करते हुए बताया कि अध्यक्ष पर दिवाकर पाण्डे को 308 मत प्राप्त हुए जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वन्दी संजीव गोगाट को 181 मत मिले,वीरेन्द्र गोस्वामी को 30 मत एंव प्रीतम लाल अरोरा को 22 मत मिले,इस प्रकार दिवाकर पाण्डे को 127 मतों से विजयी घोषित किया गया।उपाध्यक्ष पद पर कृष्ण चन्द को 248 मत प्राप्त हुए जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वन्दी अखलाक मलिक को 161 मत मिले तथा धर्मेन्द्र शर्मा को 131 मत मिले। इस प्रकार कृष्ण चन्द्र को 87 मतों से विजयी घोषित किया गया। सचिव पद पर सर्वेश कुमार सिंह को 261 मत प्राप्त हुए जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वन्दी जसवन्त सिंह को 181 मत मिले तथा आर.एस.रावत को 100 मत मिले । सर्वेश कुमार सिंह को 80 मतों से विजयी घोषित किया गया।उपाध्यक्ष कलेक्ट्रेट पद हेतु विष्णु कुमार मण्डल को कांटे की टक्कर में 265 मत प्राप्त हुए जबकि उनके प्रतिद्वन्दी शिवकुमार शर्मा को 264 मत मिले। विष्णु मण्डल एक मत से विजयी घोषित किए गए।उपसचिव पद पर विकास तिवारी को 242 मत प्राप्त हुए जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वन्दी गिरीश चतुर्वेदी को 139 मत,हरप्रीत सिंह को 84 व हरबंश चावला को 38 मत मिले। इस प्रकार विकास तिवारी को 103 मतों से विजयी घोषित किया गया।कोषाध्यक्ष पद पर पावेल कठायत को 311 मत प्राप्त हुए जबकि उनके प्रतिद्वन्दी सर्वेश बाबू को 218 मत मिले। पावेल कठायत को 93 मतों से विजयी घोषित किया गया।लेखा परीक्षक पद पर आशीष त्रिपाठी को 269 मत प्राप्त हुए जबकि उनके प्रतिद्वन्दी गिरीराज कुमार को 265 मत मिले। इस प्रकार आशीष त्रिपाठी को 4 मतों से विजयी घोषित किया गया। पुस्तकालयध्यक्ष पद पर गौरव मिडढा को 291 मत प्राप्त हुए जबकि उनके प्रतिद्वन्दी प्रणवेश कुमार को 243 मत मिले। इस प्रकार गौरव मिडढा को 48 मतों से विजयी घोषित किया गया। कार्यकारणी सदस्य पद पर अमित छाबडा व अखिलेश कुशवाहा एंव कनिष्ठ कार्यकारणी सदस्य पद पर परविन्दर सिंह, जयप्रकाश गंगवार व संजीत बढई विजयी हुए। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने में मुख्य चुनाव अधिकारी सी.पी.जोशी, सहायक चुनाव अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह डंग,जगदीश बिष्ट, कुलबीर ढिल्लो, विजय कुमार,सतपाल सिंह व चंचल बाला,चुनाव सहायक सुरजीत कौर, सुभाषिनी देवी,सीपी सिंह,नरेन्द्र कोरंगा, पवन कुमार आदि ने सहयोग किया।



# कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा शुरू



दिनेशपुर(उद संवाददाता)। वार्ड छह स्थित सरकार बाड़ी प्रांगण में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन कथावाचक ने भागवत कथा के महत्व के बारे में जानकारी दी। गुरुवार दिन में महिला पुरुषों ने कलश के साथ भागवत पुरान को लेकर नगर में शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में सजाई गई विभिन्न प्रकार की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा श्रीहरि मंदिर परिसर के साथ नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई वापस कथास्थल आकर संपन्न हुई। सात दिवसीय संगीतमय कथा के प्रथम दिन कथावाचक श्याम भाई महाराज ने कहा कि सभी कथाओं में श्रीमद्भागवत कथा श्रेष्ठ है। जिस स्थान पर भागवत कथा का आयोजन होता है, वह तीर्थ स्थल कहलाता है। इसे सुनने और आयोजन करने का सौभाग्य प्रभु प्रेमियों को ही मिलता है। इसके सुनने से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलने के साथ-साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। वहां मुख्य यजमान श्रीमति लक्ष्मी सरकार व मृत्यूंजय सरकार के अलावा सीमा सरकार, सुमित्रा राय, मीना राय, आर्नंदिता सरकार, काजल राय, रवि सरकार, दिवेन्दु राय, दिपांकर राय आदि मौजूद थे।

# टीडीसी में गेहूॅ बीज का अन्त:ग्रहण कार्य प्रारम्भ



पन्तनगर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड सीड्स एण्ड टी0डी0सी0 द्वारा किसानो को उच्चकोटि के बीज उपलब्ध कराने के उददेश्य से निगम द्वारा असंसाधित गेहॅू बीजो का निगम के हल्दी,नगला, खटीमा, धनौरी (हरिद्वार) आदि संयंत्रो एवं निगम परियोजना कार्यालय, कोटाबाग, देहरादून इत्यादि स्थानो पर अन्त:ग्रहण का कार्य प्रारम्भ कर दिया है। निगम द्वारा कृषको को असंसाधित बीज अन्त:ग्रहण (इन्टेक) कराने की पूर्व की भॉति सुविधा प्रदान की गयी है। निगम द्वारा इस वर्ष एच0डी0 2967, एच0डी0 3086, उन्नत पी0बी0डब्लू0 343, डी0बी0 डब्लू0 303, पी0बी0डब्लू0 1 जेड एन, उन्नत पी0बी0डब्लू0 550, डी0 बी0डब्लू0 222, डी0बी0डब्लू0 327, एच0डी0 3271 एवं पर्वतीय प्रजाति वीएल 967, वीएल 953, वीएल 3004 आदि प्रजातियों का अन्त:ग्रहण का कार्य किया जा रहा है। निगम द्वारा इस वर्ष गेहॅू बीज का अन्त:ग्रहण का लक्ष्य लगभग 1.00 लाख कुन्तल निधारित किया गया है। निगम द्वारा बीज उत्पादको को गेहॅू बीज का अग्रिम भुगतान रू0 2330.00 प्रति कुन्तल एवं एकमुश्त रू0 2555.00 प्रति कुन्तल से भुगतान प्रदाय किया जा रहा है तथा भुगतान की त्वरित व्यवस्था की गई है।

# विधायक सुमित हृदयेश ने वनाग्नि पर सरकार को घेरा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विधायक सुमित हृदयेश ने जारी बयान में प्रदेश सरकार को घेरते हुए कहा है कि उत्तराखण्ड के जंगल कई दिनों से जल रहे हैं। प्रदेश का आपदा प्रबंधन विभाग कहीं नहीं दिखता। इस संबंध में प्रदेश सरकार की उदासीनता



साफ दिखाई देती है। सरकार व भाजपा संगठन के लोग केवल बयान तक सीमित रह गए हैं। उन्होंने कहा कि धरातल में हर रोज कई हैक्टेयर जंगल जलते चले जा रहे हैं। जिम्मेदार विभागीय अधिकारी नाकाम साबित हो रहे हैं। जंगलों को बचाने के लिए धरातल में कोई ठोस रणनीति दिखाई नहीं देती। सुमित हृदयेश ने कहा हिमालयी क्षेत्र होने के कारण न जाने कितने दुर्लभ वृक्ष, जड़ी-बूटीयां व जंगली जानवर व जंगल से सटे घर जंगल की आग की भेट चढ़ रहे हैं। हर वर्ष फरवरी माह के बाद जंगलों में आग लगने की घटनाएँ बढ़ने लगी है, लेकिन सरकार की निष्क्रियता के कारण इसकी रोकथाम के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाये जा रहे हैं। जब प्रदेश में वनाग्नि के मामले बढ़ते हैं, तो सरकार द्वारा रोकथाम के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर दी जाती है और जो टोल फ्री नंबर दिया जाता है वो हर समय बंद रहता है। जिस कारण इस निष्क्रियता का खामियाजा प्रकृति व जनता को भुगतना पड़ता है। जंगलों में आग लगने की घटनाओं से तापमान में भी निरन्तर वृद्धि हो रही है। विधायक सुमित हृदयेश ने यह भी कहा कि राज्य की डबल इंजन सरकार जल्द कोई ठोस कदम उठाए जिससे आगामी गर्मियों के मौसम में जंगलों में लग रही आग पर काबू पाया जा सके तथा इस वनाग्नि से होने वाली वन संपदा के नुकसान व जनहानि की घटनाओं को रोका जा सके।

# 920 ग्राम चरस के साथ बाईक सवार तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान बाईक सवार एक नशा तस्कर को 920 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल मिश्रा के नेतृत्व में चौकिंग



के दौरान उनि फिरोज आलम चौकी प्रभारी मल्ला काठगोदाम, का. संतोष सिंह, प्रमोद कुमार व योगेश कुमार द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ट्रांजिट कैम्प के सामने बाईक सवार एक नशा तस्कर को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता राजेंद्र सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी धानाचुली मुक्तेश्वर बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से बुलेट मोटर साइकिल संख्या यूके 04 एई 4638 व कुल 920 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पुलिस ने राजेंद्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# निर्माण कार्यों का एसएसपी ने किया निरीक्षण

गदरपुर (उद संवाददाता) एसएसपी ने थाना गदरपुर में बनने वाले आवासीय भवनों के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। बृहस्पतिवार को एसएसपी मंजूनाथ टीसी थाना गदरपुर पहुंचे। उन्होंने परिसर में बनने वाले तीन मंजिला आवासीय भवनों के निर्माण कार्य के बारे में कार्यदायी संस्था उत्तराखंड पेयजल निगम



के एई पांडेय और जेई रवि सैनी से जानकारी ली। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने भवन निर्माण का कार्य कराने वाले ठेकेदार पवन कुमार को गुणवत्ता और मानकों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीओ संचार रेवाधर मठपाल, एसओ जसवीर सिंह चौहान, एसआई बसंत कुमार, मुकेश मिश्रा समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# पचास हजार की रिश्वत लेते विपणन अधिकारी गिरफ्तार

बाजपुर(उद संवाददाता)। खाद्य विभाग के वरिष्ठ विपणन अधिकारी मोहन सिंह टोलिया को विजिलेंस की टीम ने 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्यवाही से विपणन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक बाजपुर के मंडी परिसर में लंबे समय से पदस्थ वरिष्ठ विपणन अधिकारी मोहन सिंह टोलिया के खिलाफ रिश्वतखोरी की लगातार शिकायतें आ रही थी। बताया गया कि एक राइस मिलर से उसने 50 हजार रुपए मांगे। राइस मिलर ने इसकी शिकायत विजिलेंस की टीम से किया। इसी पर हरकत में आए पुलिस उपाधीक्षक, सतर्कता अधिष्ठान, सेक्टर हल्द्वानी (नैनीताल) अनिल सिंह मनराल के पर्यवेक्षण में तथा निरीक्षक हेम चन्द्र पाण्डे के नेतृत्व में विजिलेंस टीम द्वारा वरिष्ठ विपणन अधिकारी मोहन सिंह टोलिया को उसके बाजपुर मंडी परिसर स्थित कार्यालय में 50 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। विजिलेंस की टीम द्वारा की गई इस कार्यवाही से विभाग में हड़कंप मचा है।

# आरएएन स्कूल की टीम ने जीती वॉलीबॉल प्रतियोगिता

गदरपुर(उद संवाददाता)। शिक्षा के साथ स्वस्थ शरीर के लिए खेलों का आयोजन करके एसएस पब्लिक स्कूल प्रबंधन कमेटी द्वारा सक्रिय होकर विशेष कार्य किया जा रहे हैं। बृहस्पतिवार को स्कूलों की टीमों ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया प्रधानाचार्य परविंदर सिंह द्वारा बताया गया कि पहले क्वार्टर फाइनल में आर ए एन पब्लिक स्कूल ने किड्स पैराडाइज को 15-11 से प्राप्त की।वहीं पहले सेमीफाइनल में आर ए एन पब्लिक स्कूल ने रूद्रा पब्लिक स्कूल को 2 -1 से हराया, दूसरे सेमीफाइनल में एसएस पब्लिक स्कूल ने श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल को की कड़ी मेहनत से खिलाड़ियों को दिए गए प्रशिक्षण की तारीफ की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि शैलेंद्र शर्मा, विद्यालय के चेयरमैन डीपी सिंह प्रधानाचार्य परविंदर सिंह द्वारा विजयी





गूलरभोज रोड स्थित एसएस पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित की गई वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि शैलेंद्र शर्मा,विद्यालय के अध्यक्ष डीपी सिंह,प्रधानाचार्य स, परविंदर सिंह द्वारा करवाया गया सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न स्कूलों से आए खिलाड़ियों की टीमों के सदस्यों से परिचय प्राप्त किया गया।क्षेत्र के 11 हराया, न्यू एज पब्लिक स्कूल ने दूसरे क्वार्टर फाइनल, रूद्रा पब्लिक स्कूल ने सर्व संस्कृति स्कूल को 15-12 से हराया, तीसरे क्वार्टर फाइनल में श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल ने जेके कान्वेंट स्कूल को 15-9 से पराजित किया, चौथे क्वार्टर फाइनल में एस एस पब्लिक स्कूल ने न्यू एज पब्लिक स्कूल को 15-8 से हराकर विजय 2-1 से हराया। अंत में जिला स्तरीय अंतर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का खिताब आर ए एन स्कूल ने एस एस पब्लिक स्कूल को 2 -1 से हराकर प्राप्त किया। इस अवसर पर क्रीडा शिक्षक हरविंदर सिंह, कमलजीत सिंह ,शुभम शुक्ला, गुरुचरण सिंह,सुमित सिंह, कुमारी अंजली,प्रियंका, पुलकेश विश्वास, संजय, त्रिलोक सिंह, महेंद्र सिंह आदि वॉलीबॉल टीम को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया इसके अलावा सभी अतिथियों, क्रीडा शिक्षकों एवं मीडिया कर्मियों को भी शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुरेंद्र प्रसाद,उमेश चौहान ,संदीप सिंह, हिमांशु जोशी, सोनम नौटियाल, रेखा सहित अन्य स्टाफ तथा विभिन्न स्कूलों के छात्र मौजूद रहे।

# इंस्पिरेशन स्कूल के विद्यार्थियों का जेईई मेन में उत्कृष्ट प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।जे0ई0ई0 मेन 2024 में इंस्पिरेशन के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक बार फिर विद्यालय नाम रोशन किया। इस बार विद्यालय के सात बच्चों ने बाजी मारी जिनमें रूद्र प्रताप सिंह धरमवाल का एन0टी0ए0 स्कोर 97.97, राजकमल प्रसाद 97.27, कनक महेश्वरी 96.46, राहुल कार्की 96.7, ऋषभ पाण्डे 95.91, प्रविज्ञा नेगी 91.67, मयंक तिवाड़ी 84.30 रहा। विद्यालय का इतिहास रहा है कि हमारे विद्यार्थी सभी क्षेत्रो में अग्रगणी रहे हैं चाहे वह एन0डी0ए0 हो, नीट हो, चाहे सी0ए0 हो, बैंक हो हर स्थान में अपना परचम लहराया है। हमारे शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य को सवारने में लगे हैं। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर इंस्पिरेशन स्कूल के प्रबंधक श्री दीपक बल्यूटिया चेयरपर्सन डा0 गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य श्री अनुराग माथुर, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा व सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दे व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। शादी का झांसा देकर लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एक महिला ने बीते दिवस थाने में तहरीर देकर कहा था कि उसका पति मानसिक रोगी है वह मेहनत मजदूरी कर घर चलाती है। उसकी गैरमौजूदगी मे घर पर उसकी 18 साल की बेटी अकेली रहती है। आरोप था कि पड़ोस में रहने वाले युवक ने उनकी पुत्री को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। बाद में भी वह सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने की धमकी देकर लगातार उसकी बेटी से दुष्कर्म करता रहा। शादी की बात करने पर उन्हें धमकी भी दी गई।पुलिस ने जांच के बाद बुधवार को मामले मे आरोपी उदयनगर निवासी तुषार दास के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरपतार करके न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# बीटेक कर देश सेवा करना चाहता है केशव

गदरपुर(उद संवाददाता)। बुध बाजार स्थित सनातन धर्म मंदिर के आचार्य विजय शास्त्री के होनहार सुपुत्र केशव मिश्रा ने मेन्स में 7500 रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। केशव ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पिता आचार्य विजय शास्त्री एवं माता प्रिंयका मिश्रा सहित एलन कैरियर इंस्ट्रीट्यूट को दिया है। केशव ने बताया



कि मेन्स परीक्षा में करीब 14 लाख बच्चों ने परीक्षा दी थी जिसमें उसने 7500 रैंक प्राप्त की है। अब वह अपने मनपसंद विषय से बीटेक कर सकेंगा। उसने बताया कि वह कम्प्यूटर साइंस से बीकेट कर देश की सेवा करना चाहता है। उसने बताया कि मेरी पढ़ाई के लिए मेरे माता-पिता ने कोई कमी नहीं छोड़ी जिससे आज मैंध इस सफलता में पहुंचा हूं। केशव की सफलता पर नगर व क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं राजनैतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। वही सनातन धर्म मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों के अलावा अन्य गणमान्यों ने भी केशव की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके माता-पिता को बधाई संदेश देने के साथ केशव के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# चाकू के साथ संदिग्ध दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पुलिस ने चाकू के साथ एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने फुटबाल ग्राउण्ड ट्रांजिट केम्प के पास से संदिग्ध अवस्था में बैठे युवक की तलाशी ली तो उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम विनोद चौहान पुत्र छोटे सिंह निवासी राधा कृष्णम ंदिर के पीछे गली नं0 पांच ट्रांजिट कैम्प बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# भुखमरी के हालात

यह अपने आप में एक बड़ा विरोधाभास है कि जिस दौर में दुनिया भर में अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों के जरिए लगातार विकास का हवाला दिया जाता है, उसमें करोड़ों लोगों को पेट भरने के लिए खाना तक नहीं मिलता है। यह अफसोसनाक हकीकत एक तरह से विकास के दावों के सामने आईना है, जो इस बात पर विचार करने जरूरत को रेखांकित करता है कि इसकी दिशा क्या है और आखिर यह किसके लिए है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र ने बुध वार को 'ग्लोबल रिपोर्ट आन फूड क्राइसिस' यानी खाद्य संकट पर वैश्विक रिपोर्ट में यह खुलासा किया कि विश्व के उनसठ देशों के लगभग 28.2 करोड़ लोग सन 2023 में भूख से तड़पने को लाचार हुए। भूख का सामना करने वाले लोगों की तादाद 2022 के मुकाबले 2.4 करोड़ ज्यादा रही।रिपोर्ट के मुताबिक, भूखे रहने वालों में बच्चे और महिलाएं सबसे ज्यादा हैं। इसके अलावा, बत्तीस देशों में पांच वर्ष से कम उम्र के 3.6 करोड़ अधिक बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। साथ ही युद्ध और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की वजह से बढ़ते विस्थापन के बीच पिछले वर्ष कुपोषण की समस्या और ज्यादा गहरी हो गई।सवाल है कि दुनिया भर में और खासतौर पर अंतरराष्ट्रीय संगठनों में अगर भूख सहित कई बड़ी समस्याओं से लड़ने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी की बात की जाती है तो इस त्रासदी के लिए किसे जवाबदेह ठहराया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि बीस देशों में भूख की मुख्य वजह वहां चल रहे हिंसक संघर्ष थे।दूसरा बड़ा कारण यह था कि बढ़ते तापमान या मौसम से संबंधित आपदाओं, कीटों के हमले और महामारी के बीच करीब सात करोड़ सत्तर लाख से ज्यादा लोगों को उच्च स्तर की गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना करना पड़ा। इसी तरह, खाने-पीने की चीजों की महंगाई, आयातित खाद्य वस्तुओं पर निर्भरता, उच्च ऋण स्तर आदि वजहों से भी लोगों को भूख की समस्या से रूबरू होना पड़ा। सवाल है कि संयुक्त राष्ट्र की ओर से या वैश्विक स्तर पर भुखमरी के लिए जिन कारणों को चिह्नित किया गया है, उसका हल निकालने की कोशिश किसे करनी है और वह कब होगा। यह एक जगजाहिर तथ्य है कि संयुक्त राष्ट्र या फिर अन्य संस्थाओं की ओर से विश्व भर में भूख के संकट पर अक्सर अध्ययन रपटें जारी की जाती हैं। उसमें कारण भी बताए जाते हैं। मगर उन्हें दूर करने को लेकर बात औपचारिकताओं से आगे नहीं बढ़ पाती। अन्यथा क्या वजह है कि वर्षों से भुखमरी के हालात कायम रहने के बावजूद इस दिशा में अब तक कोई ठोस हल सामने नहीं आ सका है। उल्टे आर्थिक और सामरिक स्तर पर दुनिया के ताकतवर देश भुखमरी की त्रासदी की ओर ध्यान दिलाए जाने पर भी उसके समाधान को लेकर शायद ही कोई रुचि दिखाते हैं। गरीबी, जलवायु परिवर्तन आदि से उपजी समस्याओं से अगर कोई देश ज्यादा प्रभावित होता है तो सक्षम देश उनकी मदद के लिए क्या करते हैं?

# पेड़ और पहाड़ काटकर बनाया जा रहा रेस्टोरेंट सील

नैनीताल (उद संवाददाता)। ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई कि बजून के घिंघारी तोक में एक रेस्टोरेंट का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके द्वारा बड़े पैमाने पर पेड़ और पहाड़ काटकर इसी सामग्री से रिसोर्ट का निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि रिजॉर्ट स्वामी द्वारा वन विभाग व ग्रामीणों की जंगल आने जाने वाली पगडंडी को नष्ट कर नए मार्ग का निर्माण किया गया है। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने ग्रामीणों की शिकायत का संज्ञान लिया और क्षेत्र का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान पाया कि रेस्टोरेंट स्वामी धर्मेंद्र सिंह मेहरा द्वारा बड़े पैमाने पर चीड़ और बांज के वृक्ष काटे गए हैं, इसके साथ ही उनके द्वारा पहाड़ काटकर अवैध खनन का कार्य भी किया गया है। रेस्टोरेंट में हिरण के अवशेष, आरा मशीन, पत्थर, बजरी और काटे गए पेड़ों के गिल्टे भी मिले। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार को खनन की खरीद की जांच करने के निर्देश दिए और वन विभाग नैनीताल एसडीओ राजकुमार को निर्देश दिए कि रेस्टोरेंट में पाए गए सभी पेड़ों की जांच कर लें और यह कहां से खरीदे गए इसका भी पता करें। आयुक्त दीपक



रावत ने बजून क्षेत्र के फॉरेस्टर मनोज बुडलाकोटी के खिलाफ समय से अपने उच्च अधिकारियों को सूचित न करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एसडीओ वन विभाग नैनीताल और फॉरेस्टर बजून को संबंधित के खिलाफ की गई कार्रवाई के दस्तावेजों को लेकर तत्काल हाजिर होने के निर्देश दिए। कुमाऊं आयुक्त ने उप जिलाधिकारी, नैनीताल और एसडीओ वन विभाग नैनीताल को होटल स्वामी धर्मेंद्र सिंह मेहरा द्वारा किए गए सभी आपराधिक मामलों का संज्ञान लेकर प्राथमिक की दर्ज करते हुए आवश्यक कार्यवाई करने की निर्देश दिए। रावत ने कहा उत्तराखंड अपने प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन के लिए जाना जाता है, लेकिन यहां ऐसे पर्यटकों या निवेशकों की आवश्यकता नहीं है, जो उत्तराखंड की धरोहर को निजी स्वार्थ के लिए नुकसान पहुंचाएं। पर्यटन विभाग भी ऐसे निवेशकों पर निगरानी रखें और अनुचित कार्य करने पर उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करें। दीपक रावत ने होटल स्वामी के मैनेजर को एक सप्ताह के भीतर पुरानी पगडंडी (बटिया) को पुराने स्वरूप में करने को निर्देश दिया और एसडीओ वन विभाग व फॉरेस्टर बजून को होटल स्वामी द्वारा बनाए गए रास्ते को पूर्ण रूप से नष्ट करने के निर्देश दिए इसके साथ ही बनाए गए नए रास्ते में वृक्षारोपण करने के लिए कहा और यह भी चेतावनी दी कि भविष्य में इस प्रकार पुनरावृति न हो। इस दौरान बजून ग्रामीणों सहित उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार, एसई जल संस्थान विपिन चौहान, एसडीओ वन विभाग नैनीताल राजकुमार, संबंधित क्षेत्र के कानूनगो और पटवारी आदि अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बदरीनाथ के अभिषेक के लिए पिरोया गया तिल का तेल

ऋषिकेश। बदरीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए 12 मई को खोल दिए जाएंगे। गुरुवार को भगवान बदरीनाथ के अभिषेक के लिए राजदरबार में तिल का तेल पिरोया गया। बता दें आज गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा नरेंद्रनगर राजदरबार से रवाना होगी।नरेंद्रनगर राजमहल में महारानी माला राजलक्ष्मी शाह के नेतृत्व में नगर की सुहागिन महिलाओं के द्वारा तिल का तेल पिरोया गया। बता दें आज शाम छह बजे राजदरबार से गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा ऋषिकेश के लिए रवाना होगी। भगवान बदरीनाथ के अभिषेक के उपयोग में लाया जाने वाला तिल का तेल नरेंद्रनगर राजदरबार में पिरोया जाता है। विभिन्न पड़ावों से होते हुए 28 अप्रैल को यात्रा डिम्मर गांव पहुंचेगी। सात मई तक गाडूघड़ा तेल कलश लक्ष्मी नारायण मंदिर में स्थापित कर दिया जाएगा। 8 मई को यात्रा सिमली, कर्णप्रयाग होते हुए पाखी गांव पहुंचेगी। 9 को नृसिंह मंदिर जोशीमठ और 10 को यात्रा आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी, बदरीनाथ के रावल (मुख्य पुजारी), धर्माधिकारी व वेदपाठियों के साथ रात्रि प्रवास के लिए योगध्यान मंदिर पांडुकेश्वर पहुंचेगी। 11 को महाभिषेक व बाल भोग के बाद यात्रा बदरीनाथ धाम पहुंचेगी और 12 मई को विधि-विधान के साथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

# नशीले इंजेक्शन और दवाओं के साथ अस्पताल संचालक गिरफ्तार

देहरादून। विकासनगर कोतवाली पुलिस ने नशीले इंजेक्शन और दवाओं के साथ कार सवार अस्पताल संचालक को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। वह दवा लेकर हिमाचल प्रदेश के पांवटा में किसी को सप्लाई करने जा रहा था। आरोपी अधोईवाला देहरादून का रहने वाला है। कोतवाली प्रभारी राजेश साह ने बताया कि चौकी प्रभारी बाजार सनोज कुमार की नेतृत्व में गठित टीम ने चेकिंग के दौरान बीते मंगलवार की रात को विकासनगर रोड हरबर्टपुर में एक संदिग्ध कार को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर 105 नशीले इंजेक्शन, 720 नशे के कैप्सूल और 410 टेबलेट बरामद हुए। कार सवार दवाओं के परिवहन के संबंध कागजात नहीं दिखा सका। जिस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान शाह आलम निवासी रक्षा विहार अधोईवाला निकट दून वर्ड स्कूल रायपुर के रूप में हुई। आरोपी नेहरू कॉलोनी देहरादून में अस्पताल चलाता है। आरोपी पर पूर्व में धोखाधड़ी, बलवा, गैंगस्टर समेत कई धाराओं में जिले के विभिन्न थानों में छह मुकदमे दर्ज हैं। कार को सीज कर दिया। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# जंगलों में वनाग्नि के प्रदूषण से जीना हुआ दूभर

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले में दो दिन पूर्व हुई बारिश से जिले के जंगलों को जलने से राहत मिली थी, पर पुन: वर्षा जल सूखते ही तेज गर्मी में फिर वनों में आग लगने लगी है, कोई स्थान बनाग्नि से अछूता नही रह रहा है, जहाँ वन कम



जल रहे थे, वही अन्य स्थानों में लगी आग को देखते हुए अराजक तत्वों द्वारा सूखे हुए स्थानों में आग लगाकर जंगलों को आग के हवाले कर दिया गया है।वनाग्नि रोकने के लिए, जिलाप्रशासन और वन विभाग लगातार कोशिश कर रहा है, परंतु फिर भी लोगों को वन क्षेत्र में आग लगने से पशुओं के चरागाह के लिए अच्छी घास उपजने की भ्रांति से जंगलों में आग लगा दी जा रही है, आज के वैज्ञानिक युग में आधुनिक भारत में वनों को आग लगने से रोकने के लिए विभिन्न प्रयास भी किए जा रहे हैं, वनों को आग लगाने वालों को पकड़े जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी के बाद भी वनों को आग लगने की घटनाओं में कमी आ रही है। धूप तेज से जंगलों की आग फिर से सुलगने लगी है। धरमघर रेंज के शिखर भनार, विजयपुर,दफौट जाखनी,धुराफाट, सहित गरुड़ कपकोट, सहित अन्य क्षेत्रों के अलग अलग जंगली क्षेत्रो में बनाग्नि की घटनाएं बढ़ने लगी है।पर्यावरण प्रेमी परसीलाल वर्मा ने वनों को जबरन आग लगाकर वन संपदा को नुकसान के साथ साथ अपने आसपास के व्योवर्द्ध और दमा स्वांस रोगियों को हो रहे नुकसान का आत्मीय आंकलन वनों को आग लगाते समय करने की अपील की है।इससे आमजनमानस के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्परिणाम के लिए स्वयं को भी जिम्मेदार समझना चाहिए। वनों को आग से रोकने के लिए वन विभाग की टीमें आग बुझाने में लगी हुई है, इसके अलावा सड़क और आबादी क्षेत्रों के समीप वनाग्नि को रोकने के लिए बागेश्वर फायर ब्रिगेड की टीम लगातार आग बुझाने में लगी हुई है।वही वन विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया वनों में आग लगने की घटनाओं में कमी आए इसको लेकर युद्धस्तर पर कार्य करने में जुटे रहने का दावा करते नजर आए हैं।

# पेयजल किल्लत की समस्या दूर करें: डीएम

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने मुख्य पर्यटक स्थल कौसानी,गरूड़ के नजदीकी गांव एवं शहर के निकटवर्ती क्षेत्र मण्डल सेरा और अन्य कस्बों में पानी की किल्लत को गम्भीरता से लिया की पानी की समस्याओं को लेकर आ रही शिकायतों पर भी तत्काल संज्ञान लेकर समाधान करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मंडल सेरा में पम्पिंग योजना का कार्य भी जल्द पूरा किया जाय ताकि वहां के लोगों को समस्याएं आए वहां टेंकर या अन्य वैकल्पिकजल व्यवस्था से पानी की आपूर्ति कराई जाए।बैठक में जल संस्थान के अधिशासी अभियंता ने बताया कि मण्डलसेरा में दो टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जा रही है। कौसानी



है। गुरुवार को जिलाधिकारी ने जल संस्थान एवं जल निगम के अधिकारियों की बैठक लेते हुए मण्डल सेरा व अन्य कस्बों और गांव में पेयजल समस्या के समाधान के लिए वैकल्पिक व्यवस्था से नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। साथ ही ग्रामीणों इसका लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि जिन गांव में जल स्रोत सुख गए है या पानी कम हुआ है उन्हें चिन्हित करते हुए वहां दीर्घकालिक योजना प्रस्तावित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि गर्मी बढ़ने से पानी की खपत बढ़ जाती है। इसलिए जिन कस्बों,गांव में पानी की में किसानों द्वारा पेयजल स्रोत से सिंचाई के लिए पानी का उपयोग किया जा रहा है,लेकिन आपूर्ति पर्याप्त है।बैठक में जल निगम के अधिशासी अभियंता विपिन कुमार,आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल,सहित सहायक अभियंता दीनदयाल टम्टा,सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# आवारा जानवरों व बंदरों से निजात सहित दस सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

बागेश्वर(उद संवाददाता)।नगर में आवारा जानवरोंऔर कटखने बंदरो के आतंक से निजात दिलाने, समेत दस सूत्रीय मांगों को लेकर लोग नाराज होने लगे हैं। नाराज लोगों ने उक्रांद के युवा नेता अर्जुन देव के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन किया। जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। कार्यालय परिसर में सभा के बाद जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को इस आशय का एक ज्ञापन भी भेजा है।युवा नेता अर्जुन देव के नेतृत्व में लोग गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। सभा कर वक्ताओं ने कहा कि नगर में आवारा जानवरों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। ये जानवर जहां यातायात प्रभावित कर रहे हैं वहीं हिंसक भी हो रहे हैं। लोगों का पैदल आवागमन करना मुहाल हो गया है।आवारा जानवर बाइक, कार समेत कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर चुके हैं। उन्होंने नगर पालिका से इन जानवरों को गोसदन पहुंचाने की मांग की है। मान्यता प्राप्त गोसदन को सरकार भरपूर मदद कर रही है। इसके अलावा बदंरों व सुअरों से किसान परेशान हैं। नगर में सीवर लाइन आज तक नहीं बन पाई है। इससे हमारीपतित पावनी नदियां प्रदूषित हो रही हैं। नदी किनारे बसे हुए लोगों और विभिन्न व्यवसायिक इकाइयों होटल स्वामियों द्वारा खुलेआम नदियों में शौचालय का गड्ढा बनाकर घरों का मल मूत्र नदियों में समाहित होने से खुलेआम नदिया प्रदूषित हो रही है।वही जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नमामि गंगे के तहत नदियों को प्रदूषण मुक्त होने का दावा दिखाकर कागजो में लीपापोती हो रही है। जिला अस्पताल की बदहाली दूर करने जिला विकास प्राधिकारण समाप्त करने, जंगली सुअरों को मारने की अनुमति देने, सिंचाई नहरें खुलवाने, जंगल की आग पर काबू पाने, जिला मुख्यालय के तीनों बायपास में डामरीकरण करने समेत दस सूत्रीय ज्ञापन डीएम को सौंपा। इस मौके पर जगदीश चंद्र, महेश् पंत, गणेश कुमार, सूरज कुमार, जीवन लाल, संतोष कुमार, विनय कुमार, अनिल आदि मौजूद रहे।

# खड़िया पट्टाधारक की मनमानी से ग्रामीण परेशान

बागेश्वर(उद संवाददाता)। दफौट क्षेत्र के भीड़ी के ग्रामीणभीड़ी गांव के निचले तोक में स्थित खड़िया पट्टाधारक के खिलाफ मुखर हो गए हैं। नाराज ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर पट्टाधारक के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने गांव मेंवन पंचायत भूमि में बिना वन पंचायत समिति के एनओसी के जबरन खड़िया ढोने के लिए गरारी गरारी हटाने को कहने पर ग्रामीणों के साथ दबंगई कर मारपीट करने वाले पट्टाधार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने तीन दिन के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर जिला मुख्यालय में धरना देने की चेतावनी दी है। भीड़ी गांव के महेंद्र सिंह व माधवानंद के नेतृत्व में भीड़ी के ग्रामीण खनन पट्टाधारक की दबंगई और बिना ग्रामीणों की सहमति के खनन सामग्री ढुलान के लिए गांव की वन पंचायत भूमि में गरारी लगाने और अपने रसूख को दिखाते हुए ग्रामीणों के द्वारा विरोध करने पर उन्हें डराने धमकाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप खनन पट्टाधारक पर लगाए। नाराज आक्रोशित ग्रामीण गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय में इसके बाद भी गरारी को भी इसे नहीं हटाया गया। दोबारा से गरारी जोड़ने लगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोगों को शराब पिलाकर गांव में आपसी मनमुटाव भी कराया जा रहा है।



पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि उन्हीं के गांव के खड़िया के पट्टाधारक ने खड़िया ढोने के लिए गांव की वन पंचायत में गरारी लगा दी। इसका ग्रामीणों ने विरोध किया। उन्होंने तीन दिन के भीतर समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। वही जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने ग्रामीणों को जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया।

# मुख्य सचिव ने बदरी-केदार धाम में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के दिए निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने यूपीसीएल को निर्देश दिए कि केदारधाम और बदरीनाथ धाम में 24 घंटें विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने तीर्थयात्रियों की सुविधाओं को भी पुख्ता करने के निर्देश दिए। बृहस्पतिवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में बदरीनाथ धाम व केदारनाथ धाम में विद्युत आपूर्ति तथा चारधाम यात्रा की तैयारियों के संबंध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने यूपीसीएल को केदारनाथ धाम में निर्बाध बिजली आपूर्ति के कड़े निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने ये भी कहा कि केदारनाथ धाम व बदरीनाथ धाम में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों के सफल संचालन के लिए शीर्ष प्राथमिकता पर निरंतर विद्युत आपूर्ति की जाए। उन्होंने जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग तथा जिलाधिकारी चमोली को निर्देश दिए कि विद्युत सब स्टेशन के लिए केदारनाथ व बदरीनाथ में जल्द से जल्द आवश्यक भूमि उपलब्ध करवाई जाए। मुख्य सचिव ने यूपीसीएल को सख्त निर्देश दिए हैं कि सुनिश्चित किया जाए कि कहीं से भी विद्युत ब्रेकडाउन की शिकायत न आए। निर्देश दिए कि यात्रियों की सुविधाओं को शीर्ष प्राथमिकता पर लेते हुए चारधाम यात्रा की ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व्यवस्था को और अधिक पुख्ता बनाया जाए। कहा, इस संबंध में यात्रियों की शिकायतों का तत्काल निवारण किया जाए। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को चारधाम यात्रा के कुशल प्रबंधन व सफल संचालन में होटल व्यावसायियों, एसोसिएशन और सभी हितधारकों से समन्वय व सहयोग लेने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा, चारधाम यात्रा आरंभ होने से पहले का यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण एवं मूल्यवान है। इस दौरान प्रशासन को चारधाम यात्रा के सफल संचालन की सभी तैयारियां एवं व्यवस्थाएं दुरुस्त व चाक चौबंद करनी होंगी। बैठक में सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिन कुर्वे, पंकज कुमार पांडे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व वर्चुअल माध्यम से डीएम चमोली तथा रुद्रप्रयाग मौजूद शामिल हुए।



# गंगोत्री-गोमुख ट्रैक का निरीक्षण कर लौटा दल

उत्तरकाशी। जिला प्रशासन के निर्देश पर गंगोत्री-गोमुख ट्रैक के स्थलीय निरीक्षण करने गया दल जिला मुख्यालय लौट आया है। टीम ने डीएम को बताया कि गोमुख ट्रैक पर कई स्थानों पर हिमखंड और ग्लेशियर आने से यह मार्ग चीड़बासा से करीब दो किमी आगे आम लोगों के पैदल आवागमन हेतु सुरक्षित नहीं है। ट्रैक को सुरक्षित करने के लिए मजदूर कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही अभी प्रशिक्षित ट्रेकर्स ही इस ट्रैक पर जा पाएंगे। इस ट्रैक की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने के लिए वन क्षेत्राधिकारी गंगोत्री नेशनल पार्क, साहसिक पर्यटन अधिकारी और निरीक्षक एसडीआरएफ की संयुक्त समिति गठित कर तीन दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए थे। जांच दल में शामिल सदस्य ट्रैक का निरीक्षण करने के बाद जिला मुख्यालय पहुंचकर निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं।



# सितारगंज व नानकमत्ता के हादसों की मजिस्ट्रियल जांच हुई शुरू

सितारगंज(उद संवाददाता)। नानकमत्ता और सितारगंज में अलग-अलग दुर्घटनाओं में बस में सवार यात्रियों को चोटें लगी थी। डीएम ने दोनों सड़क हादसों की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए थे। एसडीएम ने मजिस्ट्रियल जांच शुरू कर दी है। उन्होंने 7 दिन के भीतर दोनों दुर्घटनाओं से जुड़े साक्ष्य और बयान दर्ज कराने के लिए आमजन से अपील की है। पिछले साल 23 सितंबर को नया गांव के पास हाईवे पर बस चालक ने मलिक के कहने पर वाहन को तेज गति, लापरवाही से दौड़ाकर पलट दिया था। बस के पलटने से 50 सवारी में से 22 यात्रियों को चोटें लगी थी। जिनमें रूपलाल, दीनदयाल, खुशी शारदा, संजय समेत 22 महिलाएं, पुरुषों के अलावा छोटे बच्चे शामिल थे। इस मामले में 4 अप्रैल को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने डीएम को रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद डीएम ने एसडीएम रविंद्र कुमार को हंसी की मजिस्ट्रियल जांच शुरू करने का आदेश दिया। वहीं दूसरी तरफ नानकमत्ता क्षेत्र के ग्राम सिसई खेड़ा हाईवे पर पिछले साल 16 अक्टूबर को तेज रफ्तार बस ने लापरवाही से कार को टक्कर मार दी थी। जिसमें सवार गोपाल सिंह, हितेश को गंभीर चोटें लगी थी। सितारगंज और नानकमत्ता क्षेत्र में हुए दोनों अलग-अलग सड़क हादसों की मजिस्ट्रियल जांच उप जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने शुरू कर दी है। उन्होंने दोनों सड़क हादसों से जुड़े साक्ष्य को 7 दिन के भीतर कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करने की अपील की है।

# गुलदार ने जंगल से घर लौट रही महिला पर किया हमला

कोटद्वार। दुगड्डा ब्लॉक के आमसौड़ गांव में बकरी चराकर घर लौट रही एक महिला पर गुलदार झपट पड़ा। अपनी जान बचाने के लिए महिला ने दराती से गुलदार पर प्रहार कर शोर मचा दिया। जिसके बाद गुलदार डरकर मौके से भाग गया। वनकर्मियों ने महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुगड्डा भेज दिया है। समाजसेवी इंद्रमोहन जुयाल ने बताया कि बुधवार सुबह आमसौड़ निवासी अनीता देवी (45) पत्नी श्यामलाल गांव की अन्य महिलाओं के साथ बकरियां चराने के लिए खेतों में गई थीं। सुबह करीब 10:30 बजे जब वह बकरियों को लेकर वापस घर आ रही थीं तो रास्ते में झाड़ी में छिपा एक गुलदार उन पर झपट पड़ा। गुलदार के अचानक हमले से वह जमीन पर गिर गईं। इससे पहले कि गुलदार दोबारा उनपर हमला करता अनीता ने हिम्मत दिखाते हुए दराती से उस पर प्रहार कर दिया। इस बीच अन्य महिलाओं ने शोर मचा दिया, जिससे घबराकर गुलदार भाग गया। गुलदार के हमले से महिला के बायें हाथ की अंगुली व दाहिने घुटने में जख्म हो गए हैं। सूचना पर पहुंचे दुगड्डा रेंज के वनकर्मियों ने महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुगड्डा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को छुट्टी दे दी है। ग्रामीणों ने बताया कि गुलदार विगत कई दिनों से गांव के आसपास मंडरा रहा है। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। उन्होंने गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है।

# स्पीड ब्रेकर पर बाइक से गिरकर महिला की मौत

काशीपुर। दामाद की कुशलक्षेम जानने अपने बड़े दामाद के साथ बाइक से जा रही अधेड़ महिला की बाइक से गिरकर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यूपी के जिला रामपुर टांडा बादली के खजुआखेड़ा गांव निवासी मंजू देवी (50) पत्नी खेम सिंह बुधवार को अपने बड़े दामाद विशाल के साथ बाइक से कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम टीला निवासी दामाद हरजीवन का हाल-चाल जानने जा रही थीं। इसी दौरान कुंडा चौराहे के पास गढ़ीनेगी रोड पर स्पीड ब्रेकर पर बाइक से छिटककर मंजू देवी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। दामाद विशाल वहां मौजूद लोगों की मदद से घायल महिला को 108 एंबुलेंस से एलडी भट्ट उप जिला चिकित्सालय लेकर आए जहां डॉक्टर ने मंजू देवी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि मंजू देवी का छोटा दामाद हरजीवन की पथरी का ऑपरेशन हुआ है और वह उनका हालचाल जानने के लिए बड़े दामाद विशाल सिंह के साथ बाइक से ग्राम टीला गढ़ीनेगी जा रही थीं। दोपहर करीब 12:30 बजे कुंडा चौराहा के पास बाइक से गिरकर उनकी मौत हो गई। बताया कि मंजू देवी के पति खेम सिंह लंबे समय से बीमार हैं। इसलिए वह दामाद के साथ आ रही थीं। मंजू देवी की तीन विवाहित बेटी शीला (30), रानी (25) व काजल (22) और इकलौता बेटा धर्मेंद्र (20) अविवाहित है।




## पेज एक का शेष...

**सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम को...**कराने का विकल्प होगा, जिसे चुनाव घोषणा के सात दिनों के भीतर किया जा सकेगा। यह फैसला सुनाते हुए जस्टिस खन्ना ने कहा कि वीवीपैट वेरिफिकेशन का खर्चा उम्मीदवारों को खुद ही उठाना पड़ेगा। अगर किसी स्थिति में ईवीएम में छेड़छाड़ पाई गई तो खर्च वापस दिया जाएगा। वहीं, इस दौरान जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा कि किसी सिस्टम पर आंख मूंदकर अविश्वास करने से संदेह ही पैदा होता है। लोकतंत्र का मतलब ही विश्वास और सौहार्द बनाए रखना है। बता दें कि मार्च 2023 में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने 100 फीसदी ईवीएम वोटों और वीवीपैट की पर्चियों का मिलान करने की मांग को लेकर याचिका दायर की थी। इसी पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने फैसला दिया। मौजूदा समय में वीवीपैट वेरिफिकेशन के तहत लोकसभा क्षेत्र की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के सिर्फ पांच मतदान केंद्रों के ईवीएम वोटों और वीवीपैट पर्ची का मिलान किया जाता है। इस महीने की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में सिर्फ पांच रैंडमली रूप से चयनित ईवीएम को सत्यापित करने के बजाय सभी ईवीएम वोट और वीवीपैट पर्चियों की गिनती की मांग करने वाली याचिका पर ईसीआई को नोटिस जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद चुनाव आयोग ने प्रतिक्रिया दी है। चुनाव आयोग ने कहा कि कोर्ट के इस फैसले के बाद अब किसी को शक नहीं रहना चाहिए। अब पुराने सवाल खत्म हो जाने चाहिए। सवालों से वोटर के मन में शक होता है। चुनाव सुधार भविष्य में भी जारी रहेगा।

**हल्द्वानी में ईडी...**लेकिन उन्होंने इस बारे में कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। बता दें हल्द्वानी निवासी बनमीत सिंह को अप्रैल 2019 में लंदन में गिरफ्तार किया गया था और 2023 में अमेरिका में प्रत्यर्पित किया गया था। उसे कोलंबस अदालत के समक्ष नियंत्रित पदार्थों को वितरित करने के इरादे से रखने की साजिश और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश रचने का दोषी ठहराया गया और सात साल की सजा सुनाई गई थी।

**दूसरे चरण में ..**ओम बिरला (भाजपा) -कोटा, भूपेश बघेल (कांग्रेस)-राजनांदगांव जैसे दिग्गज शामिल हैं। 13 राज्यों में से दोपहर 12 बजे तक त्रिपुरा में 37 प्रतिशत, त्तीसगढ़- 35.47%, मणिपुर- 33.22%, पश्चिम बंगाल- 31.25%, मध्य प्रदेश- 28.15%, असम - 27.43%, राजस्थान- 26.84%, जम्मू-कश्मीर- 26.61%, केरल- 25.61%, उत्तर प्रदेश- 24.31%, कर्नाटक- 22.34%, बिहार- 21.68% जबकि महाराष्ट्र में 18.83% मतदान हुआ था।

**मेडिकल स्टोर से ..**जांच शुरू कर दी है। वहीं आजाद नगर वार्ड नं. सात निवासी लाला राम पुत्र मोहन स्वरूप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रोजाना की तरह वह शाम सात बजे ड्यिूटी के लिए चला गया। जबकि बच्चे घर पर थे। रात को अज्ञात चोरों ने कमरे से वीवो कंपनी का फोन, एक घड़ी और पर्स चोरी कर लिया। पर्स में 4600 की नगदी के अलावा, अलग अलग बैंकों के चार एटीएम कार्ड और दो क्रेडिट कार्ड थे।

**फांसी पर झूली...**लगा ली। परिजनों को जैसे ही इसका पता चला उन्होंने तत्काल फांसी के फंदे से विवाहिता को नीचे उतार कर काशीपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया जहां जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए गुरुवार को अपराह्न बाद विवाहिता ने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस से मृतका के शव को परिजनों के हवाले कर दिया। घटना को लेकर मृतका के परिवार में कोहराम मचा है वहीं दूसरी ओर उसके परिजनों ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर तहरीर पुलिस को दी जाएगी।

**दबांगों ने युवक...**और गाली गलौच करने लगे। थोड़ी देर बाद वह फिर वापस आये और उसके आगे अपनी बाईक लगा कर हाथापाई करने लगे। इस दौरान एक व्यक्ति ने तंमचा निकाल कर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। झुकने की वजह से वह बाल बाल बच पाया। शोर होने पर चारों जान से मारने की धमकी देते हुऐ तंमचा लहराते हुऐ बाईक से फरार हो गयें। आस पास के लोगो से पता करने पर पता चला है कि हमलावरों के नाम राजेश, कशीश, अभय, राकेश हैं सभी रम्पुरा के निवासी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# सर्बजीत की तलाश में पुलिस की ताबड़तोड़ दबिश जारी

रूद्रपुर। बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में फरार चल रहे शार्प शूटर सर्बजीत सिंह का पुलिस अभी तक सुराग नहीं लगा सकी है। उसकी तलाश में बृहस्पतिवार को भी पुलिस की ताबड़तोड़ दबिशें जारी रहीं। 28 मार्च 2024 को डेरे में घुसकर शार्प शूटर तरनतारण, पंजाब निवासी सर्बजीत सिंह और बिलासपुर, यूपी निवासी अमरजीत सिंह ने गोली मारकर बाबा तरसेम सिंह की हत्या कर दी थी। एक शार्प शूटर अमरजीत सिंह को हरिद्वार में पुलिस एनकाउंटर में ढेर कर चुकी है लेकिन दूसरे शार्प शूटर सर्बजीत सिंह का अभी तक सुराग नहीं लग सका है।सर्बजीत सिंह की तलाश में पुलिस टीमें पंजाब, हरियाणा, दिल्ली व यूपी में दबिश रहे रही हैं। इसके अलावा तरनतारण स्थित सर्बजीत के घर पर पुलिस कुर्की का नोटिस भी लगा चुकी है। पुलिस को अभी तक सर्बजीत की लोकेशन नहीं मिली है जिस कारण उसकी गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# आरओबी पर यातायात शुरू, जाम से राहत

काशीपुर(उद संवाददाता)। काशीपुर में बदहाल यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए एसडीएम, एसपी और एनएच के ईई ने बुधवार को निरीक्षण के बाद आरओबी को यातायात के लिए खोल दिया गया। हालांकि अभी हल्के वाहनों की आवाजाही की अनुमति मिली है। इधर आरओबी शुरू होने पर व्यापारी दिलप्रीत सिंह सेठी, राजकुमार सेठी, प्रशांत कुमार, मंदीप सेठी आदि ने पुल को खोले जाने का स्वागत करते हुए कहा कि इससे शहरवासियों को जाम से भारी राहत मिलेगी। वर्ष 2017 में महाराणा प्रताप चौक पर आरओबी का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। तमाम बाधाओं के चलते दो साल में बनने वाले आरओबी का निर्माण सात साल में पूरा हुआ। इसी बीच बीती 15 अप्रैल को भाजपा विधायक त्रिलोक सिंह चीमा समर्थकों के साथ पहुंच गए और आरओबी पर लगी बैरिकेडिंग को हटाकर यातायात शुरू करा दिया। हालांकि दो घंटे बाद लोड टेस्टिंग की बात कहते हुए यातायात बंद करा दिया और 20 से 23 अप्रैल तक 72 घंटे की एनएच ने लोड टेस्टिंग की। इसी दौरान 23 अप्रैल दोपहर को कांग्रेसी



मौके पर पहुंच गए और यातायात शुरू कराने की मांग कर धरना-प्रदर्शन करने लगे। तब एनएच अधिकारियों ने जनसुरक्षा की बात कहते हुए 30 अप्रैल तक यातायात शुरू करने की बात कहकर धरना प्रदर्शन खत्म करा दिया। एसडीएम, एसपी व एनएच के ईई द्वारा बीते बुधवार को निरीक्षण के आरओबी की साफ-सफाई के निर्देश दिए। बृहस्पतिवार सुबह सात बजे एनएच के ईई प्रवीण कुमार अपने अन्य विभागीय इंजीनियरों के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल कर सुबह साढ़े सात बजे से हल्के वाहनों के लिए यातायात पूरी तरह से शुरू करा दिया। कहा कि 10-15 दिन बाद बड़े वाहनों को उक्त आरओबी पर चलाने पर विचार किया जाएगा। आरओबी पर यातायात शुरू करने को लेकर भाजपाई और कांग्रेसियों में 15 अप्रैल से श्रेय लेने की होड़ मची हुई थी। पहले भाजपाईयों ने आरओबी पर यातायात शुरू करा दिया था। 23 अप्रैल को जसपुर कांग्रेस विधायक आदेश चौहान समर्थकों के साथ आरओबी पर पहुंच गए यातायात शुरू करने की बात पर अड़ गए थे। इधर आरओबी शुरू होने की भनक लगते ही सुबह लगभग दस बजे भाजपा प्रदेश महामंत्री चौधरी खिलेंद्र सिंह, मोहन बिष्ट, गुरविंदर सिंह चंडोक, रजत सिद्धू, अमित मनचंदा और मीडिया प्रभारी पुष्कर सिंह बिष्ट समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और यातायात शुरू कराने का श्रेय लेते हुए मिष्ठान वितरण किया।

# विजिलेंस ने 50 हजार की रिश्वत लेते विप्पणन अधिकारी को किया गिरफ्तार

बाजपुर। बाजपुर में विजिलेंस टीम ने एक राइस मिल संचालक से पचास हजार रुपए की रिश्वत लेते एमआईचंद्रमोहन टोलिया को रंगेहाथ पकड़ लिया। जिससे हड़कंप मच गया। व्यापारियों की भीड़ लग गई। आरोपी की ओर से 19.50 रुपए प्रति क्विंटल की दर से रिश्वत मांगी गई थी। विजिलेंस एसपी अनिल मनराल ने बताया कि बाजपुर के बन्नाखेड़ा क्षेत्र स्थित एक राइस मिल में धान का चावल बनाकर सरकार को दिया जाता है। सरकार की ओर से राइस मिल संचालक को कुटाई, ढुलाई और सफाई आदि का पैसा दिया जाता है। बाजपुर के वरिष्ठ विप्पण अधिकारी कार्यालय में तैनात विप्पणन अधिकारी चंद्रमोहन टोलियां ने राइस मिल संचालक से सुविधा शुल्क के नाम पर 19.50 प्रति क्विंटल की दर से रिश्वत मांगी। राइस मिल संचालक ने रिश्वत नहीं देना चाहता था। राइस मिल संचालक की शिकायत पर विजिलेंस ने जांच की। तथ्य सही पाए



जाने पर निरीक्षक हेमचंद पांडे के नेतृत्व में ट्रैप टीम का गठन किया गया। बृहस्पतिवार को विजिलेंस टीम ने एसएमआई कार्यालय में राइस मिल संचालक से वरिष्ठ विप्पण अधिकारी चंद्रमोहन टोलिया पचास हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ लिया। स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। कार्यालय का एक कमरा बंद कर विजिलेंस अधिकारियों ने एमआई चंद्रमोहन टोलियो से पूछताछ की। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया जाएगा। गिरफ्तारी के दौरान एमआई चंद्रमोहन टोलिया का एक मोबाइल गायब हो गया। कई घंटे बाद कार्यालय के बाहर घास में एक व्यक्ति को मोबाइल पड़ा मिला।

# सड़कों में लगा प्याऊं खराब

सितारगंज(उद संवाददाता)। शहरी क्षेत्र की सड़कों में लगे प्याऊं लंबे समय से खराब है। जिस वजह से तापमान बढ़ने के कारण लोग गला तर नहीं कर पा रहे है। नगर के सार्वजनिक स्थलों पर गर्मी के मौसम में शीतल जल के लिए प्याऊं लगाए गए थे। इसके बाद जिम्मेदार विभाग प्याऊं की जरूरी देखभाल भूल गया। इस वजह से शहर के प्याऊं खराब हालत में शोपीश बनकर खड़े है। इनमें तकनीकी खराबी हो चुकी है। नगर पालिका प्रशासन ने गर्मी के मौसम शुरू होने के बाद भी प्याऊं की मरम्मत नहीं कराई है। जबकि जिन स्थानों पर प्याऊं लगे है वे स्थान भीड़भाड़ वाले क्षेत्र है। निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी ने कहा कि पूर्व में भी जनता के पैसे से लगाएं गए लाखों रुपए के प्याऊं खराब हो गए थे। जिन्हें उन्होंने ठीक करवाया था। इस बार भी आमजन, राहगीरों को गर्मी में शीतल जल पिलाने के लिए खराब प्याऊं को दुरस्त कराया जायेगा। मामले में नगर पालिका प्रशासन को शहर के खराब प्याऊं ठीक कराने के लिए सूचना दी गई है।



# गाय चरा रही महिला पर तेंदुए ने किया हमला

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा में ताकुला के पोखरी गांव में घर से सिर्फ 100 मीटर दूर गाय चरा रही महिला पर तेंदुए ने हमला कर दिया। दो मिनट तक तेंदुए के साथ चले संघर्ष के बाद महिला ने अपनी जान बचाई। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। बृहस्पतिवार को पोखरी गांव की भागुली देवी (48) पत्नी राजेंद्र सिंह सुबह के समय गाय के साथ घर से 100 मीटर दूर पहुंची थी। इसी बीच घात लगाए तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। दोनों के बीच दो मिनट तक चले संघर्ष के बाद चिल्लाने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। भीड़ देखकर तेंदुआ भाग खड़ा हुआ और महिला की जान बच सकी। ग्रामीणों और परिजनों ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि तेंदुए ने अपने पंजों से महिला के शरीर पर गहरे घाव किए हैं। उनकी हालत खतरे से बाहर है। वन विभाग के मुताबिक बीते एक साल में तेंदुए के हमले में दो लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। अब भी नगर से लेकर गांवों तक तेंदुए का आतंक बना हुआ है। नगर के खत्याड़ी, गर, करबला, माल सहित हवालबाग, रानीखेत, ताड़ीखेत, सोमेश्वर, सल्ट के साथ ही अन्य हिस्सों में तेंदुए की सक्रियता बनी हुई है। एक माह पूर्व सल्ट में तेंदुए ने वाहन से उतरे एक व्यक्ति पर हमला कर दिया था।



# संदिग्ध हालातों में युवक लापता

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र से एक युवक लापता हो गया। परिजनों ने कई जगह उसकी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक आजाद नगर वार्ड नंबर सात निवासी नन्हे लाल पुत्र माखन लाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसके 18 वर्षीय पुत्र निखिल कुमार को मां ने परीक्षा में कम अंक लाने के लिए डांट दिया था, इससे नाराज होकर निखिल किसी को बताये बिना घर से चला गया। उसकी कई स्थानों पर तलाश की गयी लेकिन कोई पता नहीं चला।



# पानी लीकेज से उखड़ी सड़कें तो जल संस्थान भरेगा हर्जाना

## लोक निर्माण विभाग के ईई ने जल संस्थान को लिखा पत्र

सितारगंज (उद संवाददाता)। शहरी क्षेत्र की सड़कों में नवनिर्मित हॉटमिक्स सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। लेकिन जगह-जगह टूटी पाइप लाइन के कारण नवनिर्मित हॉटमिक्स सड़के उखड़ रही है। लोक निर्माण विभाग ने पानी के लीकेज से टूटने वाली सड़कों के हर्जाने के लिए जल संस्थान को जिम्मेदार मानकर पत्राचार किया है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने जल संस्थान को पत्र लिखकर अवगत भी कराया है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मोहन चंद पलड़िया ने कहा कि नगरीय क्षेत्र के विभिन्न मार्ग में पाइप लाइन टूटी हुई है। जबकि शहरी क्षेत्र में हॉट में सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है। पाइपलाइन टूटी होने के कारण हॉटमिक्स सड़कों को क्षति पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि कई बार जल संस्थान के जिम्मेदार अधिकारियों को टूटी पाइप लाइन ठीक करने के लिए कहा गया था। लेकिन विभागीय अधिकारियों ने टूटी पाइपलाइन ठीक नहीं की है। उन्होंने कहा कि टूटी पाइप लाइन को अगर ठीक नहीं किया गया तो लीकेज से होने वाली क्षति का आकलन कर जल संस्थान को भेज दिया जायेगा। जिसका हर्जाना भी जल संस्थान को भरना होगा। लोक निर्माण विभाग शहरी क्षेत्र के विभिन्न मार्गो में सड़क निर्माण का कार्य कर रहा है। शहरी क्षेत्र के अधिकांश मार्ग में हॉट मिक्स सड़क निर्माण का प्रथम चरण भी पूरा कर लिया गया है। लेकिन इस मार्ग के विभिन्न स्थानों पर जल संस्थान की पाइपलाइन टूटी होने की वजह से सड़कों को नुकसान हो रहा है। जिस वजह से नवनिर्मित सड़कों में गड्ढे हो रहे हैं। सड़कों में गड्ढे होने के कारण सड़क हादसों के साथ ही लोग निर्माण विभाग को भी नुकसान पहुंच रहा है।

